
एनडीए के उपराष्ट्रपति उम्मीदवार से मिले पीएम

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# लोक शक्ति



एयर इंडिया की कोच्चि-दिल्ली उड़ान रद्द तकनीकी खराबी बनी वजह

RNI Regn. No.7789/1964 | वर्ष-61 > अंक - 234 | रायपुर | मंगलवार 19 अगस्त 2025 | विक्रम संवत 2082 | पृष्ठ 8 > मूल्य : 2 रू. | डाक पंजीयन : C.G./RYP DN/71/2023-25


### चीनी विदेशमंत्री पहुंचे भारत, हुई बैठक

## देशों के बीच मतभेदों को विवाद नहीं बनना चाहिए : जयशंकर



नई दिल्ली, एजेंसी।

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को नई दिल्ली में अपने चीनी समकक्ष वांग यी से मुलाकात की और एक बैठक की। वांग के साथ अपनी बैठक में, जयशंकर ने कहा कि दोनों देशों के बीच मतभेदों को विवाद नहीं बनना चाहिए।

आतंकवाद के सभी रूपों और अभिव्यक्तियों के विरुद्ध लड़ाई एक और प्रमुख प्राथमिकता है। मैं हमारे विचारों के आदान-प्रदान की प्रतीक्षा कर रहा हूँ। कुल मिलाकर, हमारी आशा है कि हमारी चर्चाएँ भारत और चीन के बीच एक स्थिर, सहयोगात्मक और दूरदर्शी संबंध बनाने में योगदान देंगी, जो हमारे हितों की पूर्ति करेगा और हमारी चिंताओं का समाधान करेगा।

वांग ने राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधियों (एसआर) की 24वें दौर की वार्ता में भाग लेने के लिए सोमवार को भारत की दो दिवसीय यात्रा शुरू की। यह बैठक डोभाल की दिसंबर में बीजिंग यात्रा के बाद हो रही है, जहाँ उन्होंने 23वें दौर की वार्ता की थी। यह यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा कज़ान में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान वार्ता तंत्र को पुनर्जीवित करने पर सहमति जताए जाने के कुछ ही हफ्तों बाद हुई थी।

### मतदाता सूची में गड़बड़ी की आशंका पर भाजपा ने विपक्ष पर तीखा पलटवार किया

# जो खुद जमानत पर बाहर,वो सबको चोर कह रहे : भाजपा

नई दिल्ली ,संवाददाता।

बिहार में एसआइआर पर मुख्य चुनाव आयुक्त के बिंदुवार जवाब के बाद भी सवाल उठाए जाने पर भाजपा ने विपक्ष पर तीखा पलटवार किया है। भाजपा सांसद संबित पात्रा ने गंभीर आरोप लगाया कि विपक्ष भारत में बांग्लादेश, श्रीलंका, पाकिस्तान और अफगानिस्तान जैसे हालात पैदा करना चाहता है। वह चाहता है कि भारत के नागरिक हिंसा पर उतारू हो जाएं और सड़क पर मार-काट मचाएं।

उन्होंने विपक्ष से प्रश्न किया कि यदि विपक्ष को मतदाता सूची में गड़बड़ी की आशंका है तो नियम अनुसार चुनाव याचिका क्यों नहीं दायर की? क्यों नहीं बिहार में अब तक एक भी राजनीतिक दल के बीएलए ने शिकायत दर्ज कराई?

**सड़क पर हंगामा कर अफरातफरी मचाना है विपक्ष- भाजपा**

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी और उनके सहयोगी विपक्ष दल सिर्फ सड़क पर हंगामा कर अफरातफरी






मचाना चाहते हैं, लेकिन सफल नहीं होंगे क्योंकि जनता सब जानती है। भाजपा सांसद डा. पात्रा ने किसी का नाम लिए बिना राहुल गांधी और तेजस्वी यादव की वोट अधिकार यात्रा पर कटाक्ष किया कि एक चारा चोर और दूसरा भारत के सभी पदार्थों की चोरी करने वाले परिवार का सदस्य है। जेल और बेल की यात्रा के बाद दो लड़के अब बिहार में न जाने कौन सी यात्रा निकाल रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी दल मिलकर संवैधानिक संस्थाओं को चोर घोषित करना चाहते हैं, जो कि आपत्तिजनक है।

**जो खुद जनानत पर बाहर, वो सबको चोर कह रहे- पात्रा** - विपक्षी दलों की सामूहिक प्रेसवार्ता को लेकर डा. संबित पात्रा ने कहा कि विपक्ष बताए कि आपकी खंडपीठ बड़ी है या सुप्रीम कोर्ट की? जब सुप्रीम कोर्ट में एसआइआर पर सुनवाई हो रही है और कोर्ट ने उस पर रोक नहीं लगाई है तो आप कौन हो गए यह दावा करने वाले वोट चोरी हो रही है। जो लोग जमानत पर बाहर हैं, वही सबको चोर कह रहे हैं। विपक्ष और खास तौर पर कांग्रेस पर सभी संवैधानिक संस्थाओं पर हमेशा उंगली उठाने का आरोप लगाते हुए कहा कि इनको लगता है कि सत्ता पर बैठना इनका जन्मसिद्ध अधिकार है। गांधी परिवार सत्ता के बाहर होता है तो जल बिन मछली की तरह तड़पता है। इनका एकमात्र मकसद घुसपैठियों को बचाना है। यह विपक्षी दल तुष्टिकरण की राजनीति कर घुसपैठियों का वोटबैंक बनाना चाहते हैं।

**बीजेपी ने दिया विपक्ष के आरोपों का जवाब** भाजपा प्रवक्ता ने दावा किया कि चुनाव आयोग ने विपक्ष के सवालों के बिंदुवार जवाब देते हुए बताया कि बिहार में बीस वर्ष पहले भी एसआइआर चुनाव के दौरान ही हुआ था, लेकिन तब किसी ने आपत्ति नहीं की थी। यह भी बता दिया कि किसी मतदाता का जीरो एड्रेस क्यों होता है, लेकिन जो न समझे, वह अनाड़ी है।

### बिहार मतदाता सूची पुनरीक्षण ईडी ने वोटर लिस्ट से हटाए गए 65 लाख लोगों के नामों की लिस्ट की जारी



नई दिल्ली एजेंसी -

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद बिहार की मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के तहत हटाए गए नामों की सूची जिला मजिस्ट्रेटों की वेबसाइटों पर डाल दी गई है। गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने पिछले सप्ताह चुनाव आयोग को आदेश दिया था कि वह मतदाता सूची से हटाए गए 65 लाख नामों का पूरा ब्योरा सार्वजनिक करे। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य चुनाव आयुक्त ने कहा कि भारत में संसद और विधानसभा चुनावों की व्यवस्था एक बहु-स्तरीय व विकेंद्रीकृत ढांचे पर आधारित है। मतदाता सूची तैयार करने की जिम्मेदारी इलेक्टोरल रजिस्ट्रेशन ऑफिसर्स (ईआरओ) और बूथ लेवल ऑफिसर्स (बीएलओ) की होती है, जो एसडीएम स्तर के अधिकारी होते हैं। सूची की सटीकता सुनिश्चित करना इन्हीं अधिकारियों का दायित्व है।

### प्रधानमंत्री ने अंतरिक्ष यात्री शुभांशु से बातचीत की



**एजेंसी।** प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने आज अंतरिक्ष यात्री शुभांशु शुक्ला के साथ बातचीत की, जो देश के लिए गौरव का क्षण था। इस मुलाकात के दौरान, दोनों ने कई विषयों पर चर्चा की, जिनमें अंतरिक्ष में श्री शुक्ला के अनुभव, विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत की प्रगति और देश के महत्वाकांक्षी मानव अंतरिक्ष उड़ान कार्यक्रम - गगनयान जैसे विषय शामिल थे।

एक्स पर एक पोस्ट में, श्री मोदी ने लिखाः शुभांशु शुक्ला के साथ बहुत अच्छी बातचीत हुई। हमने अंतरिक्ष में उनके अनुभवों, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में प्रगति के साथ-साथ भारत के महत्वाकांक्षी गगनयान मिशन सहित कई विषयों पर चर्चा की। भारत को उनकी उपलब्धि पर गर्व है।

## संसद में बिहार एसआईआर पर हंगामा, लोकसभा स्पीकर ओम बिरला ने एक्शन लेने की दी चेतावनी

एजेंसी

नई दिल्ली. लोकसभा और राज्यसभा में सोमवार को भी विपक्ष के सांसदों ने जमकर हंगामा किया. बिहार के एसआईआर (वोटर लिस्ट रीविजन) के मुद्दे को विपक्ष ने सदन में उठाया और जमकर नारेबाजी की. इसी के बाद हंगामे के बीच राज्यसभा की कार्यवाही 2 बजे तक के लिए और लोकसभा की कार्यवाही 12 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई. लोकसभा में विपक्ष ने वोट चोरी और बिहार के वोटर लिस्ट रीविजन का मामला उठाया. विपक्ष के हंगामे के बीच स्पीकर ओम बिरला ने कहा, यह प्रशनकाल है जितनी जोर से आप नारेबाजी कर रहे हैं, उतना जोर लगाकर अगर आप प्रश्न पूछेंगे तो देश की जनता का कल्याण होगा.



**ओम बिरला ने दी चेतावनी** - स्पीकर ओम बिरला ने सांसदों को चेतावनी दी. उन्होंने कहा, आपको जनता ने सरकारी संपत्ति को तोडऩे के लिए नहीं भेजा है. मैं आपसे आग्रह कर रहा हूं और चेतावनी दे रहा हूं कि किसी भी सदस्य को यह विशेषाधिकार नहीं है कि वो सरकारी संपत्ति को तोडऩे की कोशिश करे. अगर आपने सरकारी संपत्ति को तोडऩे का प्रयास किया तो मुझे कुछ निर्णायक फैसले करने पड़ेंगे. देश की जनता वो देखेगी. कई विधानसभाओं में इस तरह की घटना पर सदस्यों के खिलाफ एक्शन हुआ है. सरकारी संपत्ति को तोडऩे का प्रयास न करें.

### राज्यसभा में भी जमकर हुआ हंगामा

राज्यसभा में भी हंगामा देखा गया. स्पीकर ने सदस्यों से सदन को चलने देने का आग्रह किया. स्पीकर बार-बार सांसदों को सदन को चलने देने के लिए आग्रह करते हुए दिखाई दिए. विपक्ष की इन्हीं नारेबाजी के बीच सदन को 2बजे तक के लिए स्थगित कर दिया गया.

**विपक्ष ने संसद में किया हंगामा**

विपक्ष लगातार सदन में बिहार के स्ढ्ढक्र और वोट चोरी को लेकर सदन में विरोध प्रदर्शन कर रहा है. मल्लिकार्जुन खडग़े, अखिलेश यादव, अभिषेक बनर्जी, कनिमोझी सहित इंडिया गठबंधन के सांसदों ने चुनावी राज्य बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया और बीजेपी औरचुनाव आयोग के खिलाफवोट चोरी के आरोप लगाए. जमकर नारेबाजी की. साथ ही सांसद स्टॉप वोट चोरी का बैनर लेकर भी खड़े नजर आए।

### द्वारका में डीपीएस समेत 3 स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी, परिसर खाली कराया

**नईदिल्ली** ,दिल्ली में एक बार फिर स्कूलों को बम से उड़ाने की धमकी दी गई है। इस बार धमकी भरा ईमेल द्वारका के 3 स्कूलों में आया है। पुलिस ने बताया कि दिल्ली पब्लिक स्कूल (डीपीएस), श्रीराम वर्ल्ड स्कूल और मॉडर्न स्कूल को धमकी दी गई है। पुलिस सुबह करीब 7 बजे स्कूलों से धमकी की जानकारी मिली थी। दिल्ली पुलिस, बम निरोधक दस्ता और डॉग स्क्वायड की टीमें घटनास्थल पर पहुंच गई और उन्होंने परिसर खाली करा लिया है। पुलिस के अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने सभी स्कूलों की जांच की है, लेकिन अभी तक कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला है। कुछ स्कूलों में बच्चों को घर भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि स्कूलों को धमकी ईमेल के जरिए मिली थी, ईमेल भेजने वाले का पता लगाया जा रहा है।

## भारत की धरती उगलेगी सोना, ओडिशा राज्य के 6 जिलों में मिला 20 टन का खजाना, नीलामी की तैयारी शुरू

संवाददाता

भुवनेश्वर खनिज संपदा के लिए प्रसिद्ध ओडिशा अब देश के स्वर्ण मानचित्र पर एक नई पहचान बनाने जा रहा है। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) ने राज्य के छह जिलों में लगभग 10 से 20 टन सोने के विशाल भंडार की पुष्टि की है। इस महत्वपूर्ण खोज के बाद राज्य सरकार ने खदानों की नीलामी की प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी कर ली है, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था और स्थानीय रोजगार को भारी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है।



जीएसआई द्वारा लंबे सर्वेक्षण और परीक्षण के बाद देवगढ़ के अड़स-रामपल्ली, सुंदरगढ़, नवरंगपुर, केंदुझर, अनुगुल और कोरापुट जिलों की भूमि के नीचे सोने की मौजूदगी का पता चला है। राज्य के खनन मंत्री विभूति भूषण जेना ने भी इन जिलों में सोना पाए जाने की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि इन क्षेत्रों में सोने की सांद्रता खनन के लिए आर्थिक रूप से व्यवहार्य है।

**देश** | यूक्रेन के समर्थन में नाटो देश, ट्रंप के साथ बातचीत के लिए ज़ेलेंस्की के साथ हुए एकजुट

## अमेरिका पहुंचने पर बोले जेलेंस्की- 'युद्ध जल्दी समाप्त हो'

एजेंसी

**वाशिंगटन।** यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की सोमवार को शीर्ष यूरोपीय नेताओं के मजबूत समर्थन के साथ व्हाइट हाउस में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से मुलाकात करेंगे।

अमेरिका पहुंचने के बाद जेलेंस्की ने कहा कि अमेरिका और हमारे यूरोपीय मित्रों के साथ हमारी साझा शक्ति के रूस को वास्तविक शांति के लिए प्रेरित करेगी। हालांकि, राष्ट्रपति ने जेलेंस्की को धन्यवाद दिया है। इसके साथ ही कहा कि इस युद्ध को जल्दी और सुरक्षित रूप से समाप्त करना है। वहीं ट्रंप और जेलेंस्की की मीटिंग से पहले अमेरिकी राष्ट्रपति ने एक कड़ा संदेश दिया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि



यूक्रेन को क्रीमिया पर फिर से दावे की बात को भूल जाना चाहिए। ट्रंप यहीं नहीं रूके उन्होंने जेलेंस्की से यह भी कह डाला कि यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनाने के लिए ललायित न रहें। यहां आपको जानना चाहिए कि रूस को लगता है कि अगर यूक्रेन नाटो की सदस्यता पाता है, तो यह रूस के लिए किसी खतरे से कम नहीं होगा। इस हाई-प्रोफाइल बैठक में रूस-यूक्रेन युद्ध और कीव पर शांति के लिए मास्को की शर्तों को स्वीकार करने के दबाव को लेकर चिंताओं पर ध्यान केंद्रित किए जाने की उम्मीद है। बैठक की पूर्व संध्या पर, ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'ट्रुथ' पर लिखा, कल व्हाइट हाउस में एक बड़ा दिन है। इतने सारे यूरोपीय नेता एक साथ कभी नहीं मिले। उनकी मेजबानी करना मेरे लिए सम्मान की बात है! जेलेंस्की के साथ आने वाले नेताओं में जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टारमर, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब, नाटो महासचिव मार्क रूट, यूरोपीय संघ आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मेलोनी शामिल हैं।

# पुतिन ने पीएम मोदी को ट्रंप से हुई बातचीत के बारे में बताई पूरी डिटेल

नईदिल्ली,एजेंसी

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से फोन पर बातचीत की। इसके साथ ही राष्ट्रपति पुतिन ने यूक्रेन में युद्ध समाप्त करने के लिए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ अपनी शिखर वार्ता के बारे में जानकारी दी।

पुतिन ने पीएम मोदी को फोन पर बताया कि अलास्का में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के साथ साथ हाई-प्रोफाइल मीटिंग हुई। राष्ट्रपति पुतिन से फोन पर बातचीत के बाद पीएम मोदी ने कहा कि भारत ने यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है और इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है।

**पीएम मोदी ने पुतिन को कहा धन्यवाद** प्रधानमंत्री ने अपने आधिकारिक सोशल हैंडल एक्स पर लिखा, 'मेरे मित्र, राष्ट्रपति पुतिन को उनके फोन कॉल और अलास्का में राष्ट्रपति ट्रंप के साथ अपनी हालिया बैठक के बारे में जानकारी साझा करने के लिए धन्यवाद।'



उन्होंने कहा कि भारत ने यूक्रेन संघर्ष के शांतिपूर्ण समाधान का लगातार आह्वान किया है और इस संबंध में सभी प्रयासों का समर्थन करता है। मैं आने वाले दिनों में हमारे निरंतर आदान-प्रदान की आशा करता हूं।

**ट्रंप-पुतिन की मीटिंग का भारत ने किया स्वागत** भारत ने अमेरिका-रूस शिखर सम्मेलन का स्वागत किया था और हुई प्रगति की सराहना की थी। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने 16 जुलाई को एक बयान में कहा था, ÷भारत अलास्का में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के बीच हुई शिखर बैठक का स्वागत करता है। शांति की दिशा में उनका नेतृत्व अत्यंत सराहनीय है।÷

बयान में आगे कहा गया, ÷भारत शिखर सम्मेलन में हुई प्रगति की सराहना करता है। आगे का रास्ता केवल बातचीत और कूटनीति से ही निकल सकता है। दुनिया यूक्रेन में संघर्ष का शीघ्र अंत देखना चाहती है।÷

### अमेरिका ने फिर दिखाईं भारत को आंखें, कहा- हथियार बेचना अब जोखिम भरा, वह चीन और रूस के करीब जा रहा

**वाशिंगटन** रूसी तेल की खरीद को लेकर अमेरिका और भारत के बीच तनाव एक बार फिर बढ़ता दिख रहा है। व्हाइट हाउस के एक शीर्ष अधिकारी ने भारत पर रूस और चीन के साथ अपनी नजदीकियां बढ़ाने का आरोप लगाते हुए कहा है कि इन परिस्थितियों में भारत को अमेरिकी हथियार बेचना जोखिम भरा हो गया है। वहीं, भारत ने इन आरोपों का खंडन करते हुए कहा है कि तेल खरीद के मुद्दे पर उसे गलत तरीके से निशाना बनाया जा रहा है। एक लेख में व्हाइट हाउस के व्यापारिक मामलों के सलाहकार पीटर नवारो ने भारत के रुख पर तीखी टिप्पणी की है। उन्होंने लिखा, नई दिल्ली अब रूस और चीन, दोनों के करीब जा रहा है। अगर भारत चाहता है कि हम उसके साथ एक रणनीतिक साझेदार जैसा व्यवहार करें, तो उसे वैसे काम भी करने चाहिए। नवारो ने आगे लिखा कि भारत रूसी कच्चे तेल के सबसे बड़े खरीदारों में से एक बनकर उसे महंगे उत्पादों में बदल रहा है और मॉस्को को डॉलर मुहैया करा रहा है, जिसकी उसे सख्त जरूरत है।

### शांति वार्ता के बीच यूक्रेन पर रूस का कहर, पांच मंजिला इमारत पर गिरा दिया बम; 5 की मौत

एजेंसी

वाशिंगटन एक ओर जहां यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की शांति की उम्मीद लेकर अमेरिका पहुंचे हैं, वहीं दूसरी ओर रूस ने यूक्रेन पर अपने घातक हमले जारी रखे हैं। सोमवार को रूस ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव में एक पांच मंजिला रिहायशी इमारत को ड्रोन से निशाना बनाया, जिसमें एक डेढ़ साल की बच्ची समेत कम से कम पांच लोगों की मौत हो गई और दर्जनों लोग घायल हो गए।

स्थानीय गवर्नर के मुताबिक, रूसी सेना ने इमारत पर एक के बाद एक चार ड्रोन से हमला किया। इस बर्बर हमले के कारण इमारत का एक बड़ा हिस्सा ढह गया और भीषण आग लग गई। यूक्रेन की स्टेट इमरजेंसी सर्विस द्वारा जारी वीडियो में बचावकर्मी मलबे के ढेर से लोगों को निकालते और आग बुझाते नजर आ रहे हैं। इस हमले में 18 से ज्यादा लोगों के घायल होने की खबर है, जिनमें कई बच्चे भी शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, रूसी सीमा के पास एक अन्य शहर पर हुए बैलिस्टिक मिसाइल हमले में 11 लोग घायल हो गए। यह हमले ऐसे समय में हुए हैं जब राष्ट्रपति जेलेंस्की शांति वार्ता के लिए अमेरिकी दौरे पर हैं। हालांकि, उनके अमेरिका पहुंचने से पहले ही पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक बयान ने नई राजनीतिक हलचल पैदा कर दी है। ट्रंप ने कथित तौर पर कहा है कि अगर शांति चाहिए तो यूक्रेन को क्रीमिया पर अपना दावा छोड़ना होगा और नाटो में शामिल होने की ज़िद भी भूलनी होगी। इस बयानबाजी के बाद जेलेंस्की और ट्रंप के बीच तनाव बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

# किसानों के लिए वरदान बनेगी एग्रीस्टैक योजना, एग्रीस्टेक पंजीयन कार्य जोरों पर- कलेक्टर ध्रुव ने की अपील



**सुकमा ।** किसानों तक सरकारी योजनाओं का सीधा और पारदर्शी लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत कृषक पहचान पत्र (कृषक आईडी) तैयार किए जा रहे हैं। इस पंजीयन प्रक्रिया में प्रत्येक कृषक की पहचान को उसकी भूमि स्वामित्व से जोड़कर सत्यापित किया जा रहा है, जिससे किसान बिना किसी बाधा के शासन की विभिन्न हितग्राही योजनाओं का लाभ उठा सकें।

**किसानों को मिलेगा योजनाओं का सीधा लाभ :** एग्रीस्टैक में पंजीकृत किसानों को न केवल केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (चष्टष्ट), उर्वरक अनुदान, प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, इसके साथ ही राज्य सरकार की योजनाओं जैसे मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि ऋ़ण योजना, मुख्यमंत्री किसान सहायता योजना, कृषि मशीनीकरण योजना का भी सीधा लाभ मिलेगा।इसके अलावा, पंजीकृत कृषक आधुनिक डिजिटल सेवाओं जैसे आइसीसीसी, राष्ट्रीय पेस्ट सर्विलांस सिस्टम, बीज ट्रेसिबिलिटी प्रणाली और किसान कॉल सेंटर का भी लाभ उठा सकेंगे। पात्र किसानों के पंजीयन हेतु पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि जल्द से जल्द सभी किसानों का पंजीयन कर उन्हें योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ दिलाया जाए।कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने किसानों से आग्रह किया है कि वे शीघ्र अपना कृषक पंजीयन कराएं। इसके लिए वे अपने नजदीकी तहसील, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत या कृषि कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समय पर पंजीयन कराने से किसान केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त कर पाएंगे।

## मुख्यमंत्री साय ने की चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र की तारीफ



**सुकमा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अपने अभिभाषण में सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्थित स्वास्थ्य केंद्र की विशेष प्रशंसा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुकमा जिले की तारीफ़करते हुए कहा कि ताड़मेटला में जहाँ हमारे 76 जवानों ने शहादत दी थी उसके समीप ही स्थित चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र मिला है। यहाँ हर महीने औसतन 20 प्रसव होते हैं और हजारों ग्रामीण निःशुल्क इलाज की सुविधा ले रहे हैं। नक्सलवाद के कम होने से बस्तर में विकास की रफ्तार तेजी से बढ़ी है।

उल्लेखनीय है कि चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र, कोंटा विकासखंड में स्थित है, जो नक्सल प्रभावित और आदिवासी बाहुल्य इलाका है। इस चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम उपलब्धता सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

## शराब के लिए पैसे नहीं मिलने पर युवक पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर ।** थाना धरसींवा के सिलतरा चौकी क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां शराब पीने के लिए पैसे नहीं मिलने पर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। इस हमले के आरोपी मंजीत यादव (उम्र 20 वर्ष), निवासी सड्डू थाना विधानसभा, को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू भी जप्त कर लिया गया है। घटना 06 अगस्त 2025 की रात की है, जब प्रार्थी बबलू भूईया अपने मित्र नरेन्द्र कुमार सिंह और सतीश चंद्रवंशी के साथ सिलतरा से पैदल ग्राम चरौदा लौट रहा था। रात करीब 10:30 बजे जब वे मीनू ढाबा के पास रायपुर-बिलासपुर रोड पर पहुंचे, तभी दोपहिया वाहन में सवार एक युवक उनके पास आया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी और प्रार्थी बबलू भूईया पर चाकू से हमला कर फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट पर थाना धरसींवा में अपराध क्रमांक 378/25 धारा 119(1), 296, 115(2), 351(2), 118(1), 3(2) बी.एन.एस. एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक पूर्णिमा लामा, थाना प्रभारी धरसींवा और चौकी प्रभारी सिलतरा राजेन्द्र कंवर के मार्गदर्शन में जांच टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और प्रार्थी व उसके साथियों से पूछताछ की। जांच के दौरान सड्डू निवासी मंजीत यादव की संलिप्तता सामने आई, जिसे हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई।

# कन्वर्टेड महिला के शव के अंतिम संस्कार को लेकर गांव में विवाद,कन्वर्जन से आदिवासी गांवों में बिगड़ रहे हालात

### गांव की सरहद पर कहीं भी शव दफनाने नहीं देने के लिए अड़ गए ग्रामीण

**जगदलपुर ।** बस्तर में कन्वर्जन अब सिर्फआदिवासी संस्कृति और परंपराओं पर खतरा मात्र नहीं रह गया है, बल्कि यह ग्रामीण एकता को खंडित करने का सबब भी बन गया है। यह फूट डालो और राज करो की नीति भी साबित हो रहा है। ऐसा ही एक बड़ा मामला बस्तर के कांकेर जिले के ग्राम दुर्गूकोंदल से सामने आया है, जहां अंतिम संस्कार का मसला गांव की परंपरा और एकता का अंतिम संस्कार करता हुआ प्रतीत हो रहा है। गांव में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। बस्तर संभाग में एक ओर जहां नक्सली आदिवासियों का नर संहार करते आए हैं, वहीं दूसरी ओर कन्वर्जन ने इस आदिम समुदाय को विलुप्ति की कगार पर पहुंचा दिया है।अपनी परंपराओं, संस्कृति और पूजा पद्धति पर अडिग आदिवासी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। बस्तर में सदियों से निवासरत गोंड़, हल्बा, मुरिया, भतरा, भतरी आदि जनजातियों का संख्या बल लगातार क्षीण होता जा रहा है। वजह साफ है- नक्सलियों के हाथों संहार और बाहरी सभ्यता का आक्रमण। यहां कन्वर्जन एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। कन्वर्टेड लोग अपनी मूल परंपरा को त्याग चुके हैं और उन्हीं की वजह से कई जगहों पर विवाद की स्थिति अक्सर निर्मित होती आई है। कांकेर जिले के ब्लॉक मुख्यालय दुर्गूकोंदल में भी ऐसा ही कुछ हुआ। यहां शुक्रवार को इसाई धर्म अपना चुकी एक महिला की मृत्यु हो गई। इस महिला के अंतिम संस्कार को लेकर दुर्गूकोंदल के ग्रामीणों ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। महिला के परिजन शनिवार को अपनी ही निजी जमीन पर शव का अंतिम संस्कार करना चाह रहे थे। इससे पहले शुक्रवार की रात ग्राम पटेल व ग्राम गायता की उपस्थिति में सामाजिक लोगों और ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में सभी ने एकमत होकर ईसाई धर्म मानने वाली मृत महिला के शव को दुर्गूकोंदल में अंतिम संस्कार नहीं करने देने का निर्णय सुना दिया। ग्राम पटेल ने मृतका के परिजनों को बुलाकर बताया कि ग्रामवासियों और समाज ने निर्णय लिया है कि गांव में शव का अंतिम संस्कार करने नहीं देंगे, क्योंकि महिला ईसाई धर्म में परिवर्तित हो चुकी थी। इनके शव को दफनाने से हमारे ग्राम व्यवस्था, देव व्यवस्था अपमानित होगी। मृत महिला के परिजनों ने कहा कि हमारी निजी जमीन है, हम अपनी जमीन में अंतिम संस्कार करेंगे। लेकिन ग्राम के गायता, पटेल और ग्रामीणों ने गांव की सरहद पर महिला का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इस बीच पुलिस के अधिकारियों ने भी कहा कि जबरन अंतिम संस्कार से विवाद की स्थिति निर्मित होगी इसलिए जमीन सरकारी हो या निजी, ग्रामीणों की मंशा के अनुरूप अंतिम संस्कार ना करें। इस मसले को लेकर गांव में अभी तनाव जैसी स्थिति है।

## हेरोइन के साथ पकड़े गए 3 युवक, मुक्तिधाम के पास तलाश रहे थे ग्राहक

**रायपुर ।** राजधानी रायपुर में शनिवार को काशीनगर स्थित मुक्तिधाम के पास पुलिस ने तीन युवकों को हेरोइन (चिट्टा) की तस्करी करते पकड़ा है। आरोपियों के पास से 6.30 ग्राम हेरोइन, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, नगद बिक्री की रकम और तीन मोबाइल समेत कुल 1.20 लाख रुपए का माल जब्त किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि काशीनगर क्षेत्र में 3 संदिग्ध युवक हेरोइन बेचने के फिराक में ग्राहक तलाश रहे हैं। जिसके बाद मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर तीन युवकों को पकड़ा गया। आरोपियों की पहचान अर्पित लाल मरकाम, मनीष राजपाल और नयन भाटिया (सभी निवासी रायपुर) बताया। तलाशी के दौरान तीनों के पास से हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया गया। बता दें कि, पाकिस्तान की ड्रग्स रायपुर में बेचने वाले सिंडिकेट के आरोपियों के खिलाफपुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। पाकिस्तान की हेरोइन रायपुर में बेचने वाले 17 आरोपियों पर पुलिस कार्रवाई कर चुकी है। ये आरोपी कमल विहार इलाके को अड्?डा बनाकर ड्रग्स बेचने का काम करते थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ये आरोपी 8 महीने से हेरोइन बेचने का कारोबार कर रहे थे। आरोपियों के पास से पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 1 करोड़ का हेरोइन भी बरामद किया था। जांच अधिकारियों का कहना है कि, आरोपियों के सिंडिकेट में कुछ सफेद पोश लोगों के जुड़े होने की जानकारी सामने आई है। उनके बारे में जांच की जा रही है। आने वाले दिनों में उनकी भी गिरफ्तारी होगी।

## टी संवर्ग के प्राचार्यों की पोस्टिंग प्रक्रिया शुरू, 20 से 23 अगस्त तक होगी काउंसलिंग




**रायपुर।** शिक्षा विभाग ने लंबे इंतजार के बाद टी संवर्ग के पदोन्नत प्राचार्यों की पोस्टिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग द्वारा इस बार पोस्टिंग काउंसलिंग के माध्यम से की जा रही है, जिसके लिए 20 अगस्त से 23 अगस्त तक शंकरनगर स्थित शिक्षा महाविद्यालय में काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा। टी संवर्ग में कुल 1335 प्राचार्य पदोन्नत हुए हैं, लेकिन इनमें से सिर्फ 844 प्राचार्यों को ही काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल किया गया है। इस निर्णय को लेकर सवाल उठ रहे हैं, पर विभाग का कहना है कि जो प्राचार्य पहले से प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं और उनसे वरिष्ठ कोई अन्य नहीं है, उन्हें उसी संस्था में स्थायी रूप से पदस्थ किया जाएगा। ऐसे लगभग 400 प्राचार्य बताए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त 70 से अधिक प्राचार्य जुलाई में सेवानिवृत्त हो चुके हैं और कुछ अगस्त में रिटायर होने वाले हैं।

काउंसलिंग प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए हर दिन दो पालियों में 150-150 प्राचार्यों को बुलाया जाएगा। पहले एक साल से कम सेवा शेष वाले शिक्षकों को वरिष्ठता के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी, इसके बाद दिव्यांगजनों, फिर महिलाओं और अंत में पुरुषों को वरिष्ठता क्रम में संस्था चयन का अवसर मिलेगा। जो प्राचार्य काउंसलिंग में शामिल नहीं होंगे या संस्था चयन से इनकार करेंगे, उन्हें शेष रिक्त पदों पर पदस्थ किया जाएगा। नियुक्ति आदेश जारी होने के बाद सात दिनों के भीतर पदभार ग्रहण करना अनिवार्य होगा। वहीं दूसरी ओर, ई संवर्ग के प्राचार्यों की पोस्टिंग प्रक्रिया फिलहाल कोर्ट केस के चलते अटकी हुई है। विभाग को उम्मीद है कि जैसे ही कानूनी अड़चनें दूर होंगी, ई संवर्ग के लिए भी काउंसलिंग की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

# भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, नीति और समाज सेवा की प्रेरणा देता है: रंजना साहू

### ग्राम तरसींवा में आयोजित जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, साहू समाज भवन में शेड निर्माण कार्य का किऐ लोकार्पण



**धमतरी।** ग्राम तरसींवा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने साहू समाज भवन में शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण किए एवं यादव समाज के द्वारा आयोजित जन्माष्टमी महोत्सव में विषेश रूप से मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू उपस्थित रहीं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना में भाग लेकर गांववासियों के साथ जन्माष्टमी महोत्सव की खुशियाँ साझा कीं। कार्यक्रम की शुरुआत भागवान श्री कृष्ण कि सामूहिक आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं, युवा और बच्चें शामिल हुए। आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था, जहाँ दोनों समाज के प्रतिनिधियों द्वारा सामाजिक समरसता का परिचय देते हुए आयोजन की व्यवस्था की गई थी। श्रीमती रंजना साहू ने इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह शेड निर्माण सामाजिक गतिविधियों, सांस्कृतिक आयोजनों और सामूहिक कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा, जिससे समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलेगा। अपने उद्बोधन में श्रीमती साहू ने आगे कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, नीति और समाज सेवा की प्रेरणा देता है। उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना महाभारत काल में था। ग्राम तरसींवा जैसे गांवों में जब हम ऐसे भव्य आयोजन देखते हैं, तो यह सिद्ध होता है कि हमारी संस्कृति और परंपराएँ आज भी जीवित हैं। समाज जब संगठित होकर ऐसे कार्य करता है, तो वह केवल धार्मिक आयोजन नहीं होता, बल्कि सामाजिक चेतना का भी प्रतीक बनता है। श्रीमती रंजना साहू ने यह भी कहा कि भाजपा की सरकार ग्राम विकास, किसान कल्याण और समाज के हर वर्ग के सशक्तिकरण के लिए निरंतर काम कर रही है। हमारा प्रयास है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचे। आपके सहयोग से ही हम गाँवों को समृद्ध बना सकते हैं। श्रीमती साहू ने साहू समाज एवं यादव समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपसी भाईचारा और समरसता से ही समाज की प्रगति होती है।

# जेसीआई सिटी ने कराया राईड एंड राईस का भव्य आयोजन

### साइकिल रैली में कक्षा 5वीं से 9वीं तक लगभग 500 छात्रों ने भाग लिया

**जगदलपुर ।** जेसीआई सिटी द्वारा रविवार सुबह राईड एंड राईस साइकिल रैली का भव्य आयोजन किया गया। यह अब तक जिले में छात्रों के लिए आयोजित सबसे बड़ी साइकिल रैली रही, जिसमें विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शहरवासियों ने पूरे उत्साह के साथ इसका स्वागत किया। इस साइकिल रैली में कक्षा 5वीं से 9वीं तक लगभग 500 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मार्ग शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरते हुए लगभग 6.5 किलोमीटर लंबा रहा। सुबह 7 बजे से पंजीयन प्रारंभ हुआ और ठीक 7:45 बजे रेस का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा फ्लैग ऑफ करके हुआ। इस अवसर पर छात्रों के साथ उनके परिजन और अभिभावक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे, जिससे कुल मिलाकर 1000 से अधिक लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप्ती कॉन्वेंट स्कूल की बैंड टीम द्वारा राष्ट्रीय गान के साथ हुईअपने उद्बोधन में अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों में स्वास्थ्य, अनुशासन और जागरूकता की भावना को सशक्त बनाते हैं। मुख्य अतिथियों ने फिटनेस को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे निरंतर खेलों और शारीरिक गतिविधियों से जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी ही देश का भविष्य है और यदि वह खेलों में सक्रिय भागीदारी करेगी तो निश्चित रूप से समाज और राष्ट्र दोनों प्रगति की राह पर आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम को शहर के लिए प्रेरणादायी पहल बताते हुए उन्होंने इसे सराहनीय कदम कहा और इस तरह के आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने पर बल दिया। उनका कहना था कि छ्रष्टढ्ढ जगदलपुर सिटी ने जिस लगन और भव्यता के साथ इस आयोजन को संपन्न कराया है, वह बच्चों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए अवसर प्रदान करता है। अतिथियों ने यह भी उल्लेख किया कि साइकिलिंग जैसी गतिविधियाँ बच्चों को न केवल प्रकृति से जोड़ती हैं, बल्कि उनमें टीम भावना और अनुशासन की प्रवृत्ति विकसित कर जीवन में संतुलन बनाए रखने का मार्ग भी प्रशस्त करती हैं।

# धमतरी पुलिस का सतत प्रयास – नशा मुक्ति अभियान के तहत गांव–गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### एसपी.धमतरी के निर्देशन में ग्रामवासियों को नशे के दुष्प्रभाव व सायबर फ्रॉड से बचाव की दी जानकारी

### जन-जागरूकता के साथ दिलाई गई नशा मुक्त रहने की शपथ

**धमतरी ।** पुलिस अधीक्षक धमतरी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिलेभर में लगातार नशा मुक्त भारत अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं ग्रामीणों को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखना तथा समाज में स्वस्थ वातावरण का निर्माण करना है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना कुरूद की टीम ने ग्राम छाती में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया। थाना मगरलोड की टीम ने ग्राम भैंसमुंडी में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया। थाना सिहावा द्वारा ग्राम पदमपुर में जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना बोराई द्वारा ग्राम कसपुर में ग्रामीणों को संबोधित किया गया। वहीं चौकी प्रभारी करेलीबड़ी द्वारा ग्राम परसट्ठी में विशेष कार्यक्रम संपन्न हुआ। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं, छात्र-छात्राएं एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। नशा मुक्ति पर संदेशकार्यक्रमों में थाना/चौकी प्रभारीगण ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर नहीं करता, बल्कि परिवार एवं समाज पर भी गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। शराब, गांजा, सिगरेट, नशीली दवाइयों आदि से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया। ग्रामीणों को समझाया गया कि नशे की लत से परिवार टूटते हैं, आर्थिक स्थिति बिगड़ती है और अपराध की ओर झुकाव बढ़ता है। इसी कारण समाज में सभी को मिलकर नशामुक्त वातावरण तैयार करना चाहिए। इस दौरान उपस्थित सभी ग्रामीणों को सामूहिक रूप से नशा न करने और दूसरों को भी नशा करने से रोकने की शपथ दिलाई गई।

**सायबर अपराध पर जागरूकता–** जागरूकता शिविरों में सायबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों की जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि अज्ञात कॉल पर ह्ल्ञ्जक्क बैंक डिटेल,्र ञ्जरू नंबर, आधार/पैन नंबर साझा न करें। सोशल मीडिया पर संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। ऑनलाइन खरीदारी व पैसों के लेन-देन में सतर्क रहें। किसी भी प्रकार की ठगी होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें या राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा छत्तीसगढ़ पुलिस टोल फ्री नंबर 112 पर संपर्क करें। ग्रामीणों की सहभागिता-: ग्रामवासियों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया और नशा त्यागने व समाज को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। कई वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि पुलिस द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले ऐसे कार्यक्रम से समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। धमतरी पुलिस का संदेश

धमतरी पुलिस द्वारा नशा मुक्ति एवं सायबर अपराध रोकथाम के लिए चलाया जा रहा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। हमारा उद्देश्य है कि युवा वर्ग नशे से दूर रहकर शिक्षा, रोजगार व खेल-कूद में आगे बढ़े और किसी भी प्रकार की ठगी या धोखाधड़ी का शिकार न बने।

# बस्तर दशहरा की परंपरा, संस्कृति को संरक्षित करना हमारा दायित्व है

### बलराम मांझी बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष मनोनीत

### बजट बढ़ाने पर भी हुई चर्चा

**जगदलपुर।** बस्तर दशहरा समिति की बैठक आज जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित की गई। सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप, महापौर संजय पांडेय, नगर निगम सभापति खेम सिह देवांगन, माटी पुजारी बस्तर राजपरिवार के श्री कमलचंद भंजदेव, कलेक्टर हरिस एस, एसपी शलभ सिन्हा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर बस्तर सी पी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, अपर कलेक्टर नारायणपुर पंचभोई, आयुक्त नगर पालिक निगम प्रवीण वर्मा , तहसीलदार एवं बस्तर दशहरा समिति के सचिव रुपेश मरकाम सहित मांझी, चालकी, मेम्बर, मेम्बरिन, पुजारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

बैठक में नए उपाध्यक्ष का चुनाव किया गया। जिसमें बलराम मांझी को सर्वाधिक मांझी की सहमति मिली। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने नवनियुक्त उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि बस्तर दशहरा हमारी बहुत पुरानी परंपरा और संस्कृति है। हमारे पूर्वजों ने आमचो बस्तर की स्थानीय संस्कृति, रीति- रिवाज, लोक परंपरा को सहेजकर रखा है। हमें भी इस परंपरा-संस्कृति को संरक्षित करना है। संस्कृति को जीवित रखने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है।दशहरा में सभी समाज की सहभागिता रहती है, दशहरा में अलग-अलग समाज अपने दायित्व का निर्वहन करते है। यह सामाजिक एकता का प्रतीक है। दशहरा पर्व के ऐतिहासिक स्थलों का राजस्व रिकार्ड के आधार पर संरक्षित किया जाना है। उन्होंने कहा कि दशहरा पर्व के शासन द्वारा दी गई बजट के अलावा स्थानीय स्तर राष्ट्रीय कंपनियों से भी बजट की राशि बढ़ाने के लिए चर्चा किया गया है। बस्तर के पर्यटन स्थलों को अब यूनेस्को जैसी संस्थान द्वारा पुरस्कार दे रही है, पर्यटक बस्तर दशहरा के साथ सभी पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे, ये पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है । दशहरा पर्व के इस बार संभाग के सातों जिलों से देवी देवताओं का आगमन हो इसके लिए जनप्रतिनिधि, प्रशासन के साथ चर्चा की जाएगी।

इस दौरान माटी पुजारी कमलचंद भंजदेव व ने कहा कि दशहरा में क्षेत्र के देवी-देवताओं और विभिन्न समुदायों की भागीदारी का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने इस पर्व में विशेष भूमिका निभाने वाले मांझी, चालकी, सेवादारों की रिक्त पदों भर्ती सभी करवाने की पहल करने की मांग की।

# किसानों के लिए वरदान बनेगी एग्रीस्टैक योजना, एग्रीस्टेक पंजीयन कार्य जोरों पर- कलेक्टर ध्रुव ने की अपील

**सुकमा ।** किसानों तक सरकारी योजनाओं का सीधा और पारदर्शी लाभ पहुँचाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा एग्रीस्टैक योजना के अंतर्गत कृषक पहचान पत्र (कृषक आईडी) तैयार किए जा रहे हैं। इस पंजीयन प्रक्रिया में प्रत्येक कृषक की पहचान को उसकी भूमि स्वामित्व से जोड़कर सत्यापित किया जा रहा है, जिससे किसान बिना किसी बाधा के शासन की विभिन्न हितग्राही योजनाओं का लाभ उठा सकें।





**किसानों को मिलेगा योजनाओं का सीधा लाभ :** एग्रीस्टैक में पंजीकृत किसानों को न केवल केंद्र सरकार की प्रमुख योजनाओं जैसे प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, पीएम फसल बीमा योजना, किसान क्रेडिट कार्ड (चष्टष्ट), उर्वरक अनुदान, प्रधानमंत्री सिंचाई योजना, इसके साथ ही राज्य सरकार की योजनाओं जैसे मृदा स्वास्थ्य कार्ड, कृषि ऋण योजना, मुख्यमंत्री किसान सहायता योजना, कृषि मशीनीकरण योजना का भी सीधा लाभ मिलेगा।इसके अलावा, पंजीकृत कृषक आधुनिक डिजिटल सेवाओं जैसे आइसीसीसी, राष्ट्रीय पेस्ट सर्विलांस सिस्टम, बीज ट्रेसिबिलिटी प्रणाली और किसान कॉल सेंटर का भी लाभ उठा सकेंगे। पात्र किसानों के पंजीयन हेतु पंचायत स्तर पर विशेष शिविर लगाए जा रहे हैं। जिला प्रशासन का लक्ष्य है कि जल्द से जल्द सभी किसानों का पंजीयन कर उन्हें योजनाओं का प्रत्यक्ष लाभ दिलाया जाए।कलेक्टर श्री देवेश कुमार ध्रुव ने किसानों से आग्रह किया है कि वे शीघ्र अपना कृषक पंजीयन कराएं। इसके लिए वे अपने नजदीकी तहसील, जनपद पंचायत, ग्राम पंचायत या कृषि कार्यालय से संपर्क कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि समय पर पंजीयन कराने से किसान केंद्र एवं राज्य सरकार की सभी योजनाओं का लाभ बिना किसी बाधा के प्राप्त कर पाएंगे।

## मुख्यमंत्री साय ने की चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र की तारीफ



**सुकमा।** स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने अपने अभिभाषण में सुकमा जिले के नक्सल प्रभावित क्षेत्र में स्थित स्वास्थ्य केंद्र की विशेष प्रशंसा की। मुख्यमंत्री श्री साय ने सुकमा जिले की तारीफ़करते हुए कहा कि ताड़मेटला में जहाँ हमारे 76 जवानों ने शहादत दी थी उसके समीप ही स्थित चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र को राष्ट्रीय गुणवत्ता प्रमाण पत्र मिला है। यहाँ हर महीने औसतन 20 प्रसव होते हैं और हजारों ग्रामीण निःशुल्क इलाज की सुविधा ले रहे हैं। नक्सलवाद के कम होने से बस्तर में विकास की रफ्तार तेजी से बढ़ी है।

उल्लेखनीय है कि चिंतागुफा स्वास्थ्य केंद्र, कोंटा विकासखंड में स्थित है, जो नक्सल प्रभावित और आदिवासी बाहुल्य इलाका है। इस चुनौतीपूर्ण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं की सुगम उपलब्धता सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है।

## शराब के लिए पैसे नहीं मिलने पर युवक पर चाकू से हमला, आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर ।** थाना धरसींवा के सिलतरा चौकी क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात सामने आई है, जहां शराब पीने के लिए पैसे नहीं मिलने पर एक युवक पर चाकू से हमला कर दिया गया। इस हमले के आरोपी मंजीत यादव (उम्र 20 वर्ष), निवासी सड्डू थाना विधानसभा, को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पास से घटना में प्रयुक्त धारदार चाकू भी जप्त कर लिया गया है। घटना 06 अगस्त 2025 की रात की है, जब प्रार्थी बबलू भूईया अपने मित्र नरेन्द्र कुमार सिंह और सतीश चंद्रवंशी के साथ सिलतरा से पैदल ग्राम चरौदा लौट रहा था। रात करीब 10:30 बजे जब वे मीनू ढाबा के पास रायपुर-बिलासपुर रोड पर पहुंचे, तभी दोपहिया वाहन में सवार एक युवक उनके पास आया और शराब पीने के लिए पैसे मांगने लगा। मना करने पर आरोपी ने गाली-गलौज कर मारपीट शुरू कर दी और प्रार्थी बबलू भूईया पर चाकू से हमला कर फरार हो गया। घटना की रिपोर्ट पर थाना धरसींवा में अपराध क्रमांक 378/25 धारा 119(1), 296, 115(2), 351(2), 118(1), 3(2) बी.एन.एस. एवं 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह द्वारा घटना को गंभीरता से लेते हुए आरोपी की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले, नगर पुलिस अधीक्षक पूर्णिमा लामा, थाना प्रभारी धरसींवा और चौकी प्रभारी सिलतरा राजेन्द्र कंवर के मार्गदर्शन में जांच टीम गठित की गई।

पुलिस टीम ने घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली और प्रार्थी व उसके साथियों से पूछताछ की। जांच के दौरान सड्डू निवासी मंजीत यादव की संलिप्तता सामने आई, जिसे हिरासत में लेकर कड़ाई से पूछताछ की गई।

# कन्वर्टेड महिला के शव के अंतिम संस्कार को लेकर गांव में विवाद,कन्वर्जन से आदिवासी गांवों में बिगड़ रहे हालात

### गांव की सरहद पर कहीं भी शव दफनाने नहीं देने के लिए अड़ गए ग्रामीण

**जगदलपुर ।** बस्तर में कन्वर्जन अब सिर्फआदिवासी संस्कृति और परंपराओं पर खतरा मात्र नहीं रह गया है, बल्कि यह ग्रामीण एकता को खंडित करने का सबब भी बन गया है। यह फूट डालो और राज करो की नीति भी साबित हो रहा है। ऐसा ही एक बड़ा मामला बस्तर के कांकेर जिले के ग्राम दुर्गूकोंदल से सामने आया है, जहां अंतिम संस्कार का मसला गांव की परंपरा और एकता का अंतिम संस्कार करता हुआ प्रतीत हो रहा है। गांव में स्थिति तनावपूर्ण बनी हुई है। बस्तर संभाग में एक ओर जहां नक्सली आदिवासियों का नर संहार करते आए हैं, वहीं दूसरी ओर कन्वर्जन ने इस आदिम समुदाय को विलुप्ति की कगार पर पहुंचा दिया है।अपनी परंपराओं, संस्कृति और पूजा पद्धति पर अडिग आदिवासी अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रहे हैं। बस्तर में सदियों से निवासरत गोंड़, हल्बा, मुरिया, भतरा, भतरी आदि जनजातियों का संख्या बल लगातार क्षीण होता जा रहा है। वजह साफ है- नक्सलियों के हाथों संहार और बाहरी सभ्यता का आक्रमण। यहां कन्वर्जन एक बड़ी चुनौती बन चुकी है। कन्वर्टेड लोग अपनी मूल परंपरा को त्याग चुके हैं और उन्हीं की वजह से कई जगहों पर विवाद की स्थिति अक्सर निर्मित होती आई है। कांकेर जिले के ब्लॉक मुख्यालय दुर्गूकोंदल में भी ऐसा ही कुछ हुआ। यहां शुक्रवार को इसाई धर्म अपना चुकी एक महिला की मृत्यु हो गई। इस महिला के अंतिम संस्कार को लेकर दुर्गूकोंदल के ग्रामीणों ने कड़ी आपत्ति दर्ज कराई। महिला के परिजन शनिवार को अपनी ही निजी जमीन पर शव का अंतिम संस्कार करना चाह रहे थे। इससे पहले शुक्रवार की रात ग्राम पटेल व ग्राम गायता की उपस्थिति में सामाजिक लोगों और ग्रामीणों की बैठक हुई। बैठक में सभी ने एकमत होकर ईसाई धर्म मानने वाली मृत महिला के शव को दुर्गूकोंदल में अंतिम संस्कार नहीं करने देने का निर्णय सुना दिया। ग्राम पटेल ने मृतका के परिजनों को बुलाकर बताया कि ग्रामवासियों और समाज ने निर्णय लिया है कि गांव में शव का अंतिम संस्कार करने नहीं देंगे, क्योंकि महिला ईसाई धर्म में परिवर्तित हो चुकी थी। इनके शव को दफनाने से हमारे ग्राम व्यवस्था, देव व्यवस्था अपमानित होगी। मृत महिला के परिजनों ने कहा कि हमारी निजी जमीन है, हम अपनी जमीन में अंतिम संस्कार करेंगे। लेकिन ग्राम के गायता, पटेल और ग्रामीणों ने गांव की सरहद पर महिला का अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया। इस बीच पुलिस के अधिकारियों ने भी कहा कि जबरन अंतिम संस्कार से विवाद की स्थिति निर्मित होगी इसलिए जमीन सरकारी हो या निजी, ग्रामीणों की मंशा के अनुरूप अंतिम संस्कार ना करें। इस मसले को लेकर गांव में अभी तनाव जैसी स्थिति है।

## हेरोइन के साथ पकड़े गए 3 युवक, मुक्तिधाम के पास तलाश रहे थे ग्राहक

**रायपुर ।** राजधानी रायपुर में शनिवार को काशीनगर स्थित मुक्तिधाम के पास पुलिस ने तीन युवकों को हेरोइन (चिट्टा) की तस्करी करते पकड़ा है। आरोपियों के पास से 6.30 ग्राम हेरोइन, एक इलेक्ट्रॉनिक तराजू, नगद बिक्री की रकम और तीन मोबाइल समेत कुल 1.20 लाख रुपए का माल जब्त किया गया है।

पुलिस को सूचना मिली थी कि काशीनगर क्षेत्र में 3 संदिग्ध युवक हेरोइन बेचने के फिराक में ग्राहक तलाश रहे हैं। जिसके बाद मुखबिर के बताए हुलिए के आधार पर तीन युवकों को पकड़ा गया। आरोपियों की पहचान अर्पित लाल मरकाम, मनीष राजपाल और नयन भाटिया (सभी निवासी रायपुर) बताया। तलाशी के दौरान तीनों के पास से हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया गया। बता दें कि, पाकिस्तान की ड्रग्स रायपुर में बेचने वाले सिंडिकेट के आरोपियों के खिलाफपुलिस ने जांच का दायरा बढ़ा दिया है। पाकिस्तान की हेरोइन रायपुर में बेचने वाले 17 आरोपियों पर पुलिस कार्रवाई कर चुकी है। ये आरोपी कमल विहार इलाके को अड्?डा बनाकर ड्रग्स बेचने का काम करते थे। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, ये आरोपी 8 महीने से हेरोइन बेचने का कारोबार कर रहे थे। आरोपियों के पास से पुलिस ने कार्रवाई के दौरान 1 करोड़ का हेरोइन भी बरामद किया था। जांच अधिकारियों का कहना है कि, आरोपियों के सिंडिकेट में कुछ सफेद पोश लोगों के जुड़े होने की जानकारी सामने आई है। उनके बारे में जांच की जा रही है। आने वाले दिनों में उनकी भी गिरफ्तारी होगी।

## टी संवर्ग के प्राचार्यों की पोस्टिंग प्रक्रिया शुरू, 20 से 23 अगस्त तक होगी काउंसलिंग




**रायपुर।** शिक्षा विभाग ने लंबे इंतजार के बाद टी संवर्ग के पदोन्नत प्राचार्यों की पोस्टिंग प्रक्रिया शुरू कर दी है। विभाग द्वारा इस बार पोस्टिंग काउंसलिंग के माध्यम से की जा रही है, जिसके लिए 20 अगस्त से 23 अगस्त तक शंकरनगर स्थित शिक्षा महाविद्यालय में काउंसलिंग का आयोजन किया जाएगा। टी संवर्ग में कुल 1335 प्राचार्य पदोन्नत हुए हैं, लेकिन इनमें से सिर्फ 844 प्राचार्यों को ही काउंसलिंग प्रक्रिया में शामिल किया गया है। इस निर्णय को लेकर सवाल उठ रहे हैं, पर विभाग का कहना है कि जो प्राचार्य पहले से प्रभारी के रूप में कार्यरत हैं और उनसे वरिष्ठ कोई अन्य नहीं है, उन्हें उसी संस्था में स्थायी रूप से पदस्थ किया जाएगा। ऐसे लगभग 400 प्राचार्य बताए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त 70 से अधिक प्राचार्य जुलाई में सेवानिवृत्त हो चुके हैं और कुछ अगस्त में रिटायर होने वाले हैं।

काउंसलिंग प्रक्रिया को व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए हर दिन दो पालियों में 150-150 प्राचार्यों को बुलाया जाएगा। पहले एक साल से कम सेवा शेष वाले शिक्षकों को वरिष्ठता के आधार पर प्राथमिकता दी जाएगी, इसके बाद दिव्यांगजनों, फिर महिलाओं और अंत में पुरुषों को वरिष्ठता क्रम में संस्था चयन का अवसर मिलेगा। जो प्राचार्य काउंसलिंग में शामिल नहीं होंगे या संस्था चयन से इनकार करेंगे, उन्हें शेष रिक्त पदों पर पदस्थ किया जाएगा। नियुक्ति आदेश जारी होने के बाद सात दिनों के भीतर पदभार ग्रहण करना अनिवार्य होगा। वहीं दूसरी ओर, ई संवर्ग के प्राचार्यों की पोस्टिंग प्रक्रिया फिलहाल कोर्ट केस के चलते अटकी हुई है। विभाग को उम्मीद है कि जैसे ही कानूनी अड़चनें दूर होंगी, ई संवर्ग के लिए भी काउंसलिंग की प्रक्रिया जल्द शुरू की जाएगी।

# भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, नीति और समाज सेवा की प्रेरणा देता है: रंजना साहू

### ग्राम तरसींवा में आयोजित जन्माष्टमी महोत्सव में शामिल भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना साहू, साहू समाज भवन में शेड निर्माण कार्य का किऐ लोकार्पण



**धमतरी।** ग्राम तरसींवा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू ने साहू समाज भवन में शेड निर्माण कार्य का लोकार्पण किए एवं यादव समाज के द्वारा आयोजित जन्माष्टमी महोत्सव में विशेष रूप से मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व विधायक श्रीमती रंजना डीपेंद्र साहू उपस्थित रहीं। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना में भाग लेकर गांववासियों के साथ जन्माष्टमी महोत्सव की खुशियाँ साझा कीं। कार्यक्रम की शुरुआत भागवान श्री कृष्ण कि सामूहिक आरती एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम से हुई, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं, युवा और बच्चें शामिल हुए। आयोजन स्थल को भव्य रूप से सजाया गया था, जहाँ दोनों समाज के प्रतिनिधियों द्वारा सामाजिक समरसता का परिचय देते हुए आयोजन की व्यवस्था की गई थी। श्रीमती रंजना साहू ने इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह शेड निर्माण सामाजिक गतिविधियों, सांस्कृतिक आयोजनों और सामूहिक कार्यक्रमों का केंद्र बनेगा, जिससे समाज में एकता और सहयोग की भावना को बढ़ावा मिलेगा। अपने उद्बोधन में श्रीमती साहू ने आगे कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें धर्म, नीति और समाज सेवा की प्रेरणा देता है। उनका संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना महाभारत काल में था। ग्राम तरसींवा जैसे गांवों में जब हम ऐसे भव्य आयोजन देखते हैं, तो यह सिद्ध होता है कि हमारी संस्कृति और परंपराएँ आज भी जीवित हैं। समाज जब संगठित होकर ऐसे कार्य करता है, तो वह केवल धार्मिक आयोजन नहीं होता, बल्कि सामाजिक चेतना का भी प्रतीक बनता है। श्रीमती रंजना साहू ने यह भी कहा कि भाजपा की सरकार ग्राम विकास, किसान कल्याण और समाज के हर वर्ग के सशक्तिकरण के लिए निरंतर काम कर रही है। हमारा प्रयास है कि अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुँचे। आपके सहयोग से ही हम गाँवों को समृद्ध बना सकते हैं। श्रीमती साहू ने साहू समाज एवं यादव समाज की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपसी भाईचारा और समरसता से ही समाज की प्रगति होती है।

# जेसीआई सिटी ने कराया राईड एंड राईस का भव्य आयोजन

### साइकिल रैली में कक्षा 5वीं से 9वीं तक लगभग 500 छात्रों ने भाग लिया

**जगदलपुर ।** जेसीआई सिटी द्वारा रविवार सुबह राईड एंड राईस साइकिल रैली का भव्य आयोजन किया गया। यह अब तक जिले में छात्रों के लिए आयोजित सबसे बड़ी साइकिल रैली रही, जिसमें विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों ने भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और शहरवासियों ने पूरे उत्साह के साथ इसका स्वागत किया। इस साइकिल रैली में कक्षा 5वीं से 9वीं तक लगभग 500 छात्रों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का मार्ग शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से गुजरते हुए लगभग 6.5 किलोमीटर लंबा रहा। सुबह 7 बजे से पंजीयन प्रारंभ हुआ और ठीक 7:45 बजे रेस का शुभारंभ मुख्य अतिथि द्वारा फ्लैग ऑफ करके हुआ। इस अवसर पर छात्रों के साथ उनके परिजन और अभिभावक भी बड़ी संख्या में मौजूद रहे, जिससे कुल मिलाकर 1000 से अधिक लोगों की उपस्थिति ने आयोजन को ऐतिहासिक बना दिया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप्ती कॉन्वेंट स्कूल की बैंड टीम द्वारा राष्ट्रीय गान के साथ हुईअपने उद्बोधन में अतिथियों ने कहा कि इस प्रकार के आयोजन छात्रों में स्वास्थ्य, अनुशासन और जागरूकता की भावना को सशक्त बनाते हैं। मुख्य अतिथियों ने फिटनेस को समय की सबसे बड़ी आवश्यकता बताते हुए युवाओं से आह्वान किया कि वे निरंतर खेलों और शारीरिक गतिविधियों से जुड़े रहें। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी ही देश का भविष्य है और यदि वह खेलों में सक्रिय भागीदारी करेगी तो निश्चित रूप से समाज और राष्ट्र दोनों प्रगति की राह पर आगे बढ़ेंगे। कार्यक्रम को शहर के लिए प्रेरणादायी पहल बताते हुए उन्होंने इसे सराहनीय कदम कहा और इस तरह के आयोजनों की निरंतरता बनाए रखने पर बल दिया। उनका कहना था कि छ्वष्टढ्ढ जगदलपुर सिटी ने जिस लगन और भव्यता के साथ इस आयोजन को संपन्न कराया है, वह बच्चों को खेलों में आगे बढ़ने के लिए अवसर प्रदान करता है। अतिथियों ने यह भी उल्लेख किया कि साइकिलिंग जैसी गतिविधियाँ बच्चों को न केवल प्रकृति से जोड़ती हैं, बल्कि उनमें टीम भावना और अनुशासन की प्रवृत्ति विकसित कर जीवन में संतुलन बनाए रखने का मार्ग भी प्रशस्त करती हैं।

# धमतरी पुलिस का सतत प्रयास – नशा मुक्ति अभियान के तहत गांव–गांव में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

### एसपी.धमतरी के निर्देशन में ग्रामवासियों को नशे के दुष्प्रभाव व सायबर फ्रॉड से बचाव की दी जानकारी

### जन-जागरूकता के साथ दिलाई गई नशा मुक्त रहने की शपथ

**धमतरी ।** पुलिस अधीक्षक धमतरी के मार्गदर्शन एवं निर्देशन में जिलेभर में लगातार नशा मुक्त भारत अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य युवाओं एवं ग्रामीणों को नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर रखना तथा समाज में स्वस्थ वातावरण का निर्माण करना है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न ग्रामों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। थाना कुरूद की टीम ने ग्राम छाती में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया। थाना मगरलोड की टीम ने ग्राम भैंसमुंडी में नशा मुक्ति कार्यक्रम आयोजित किया। थाना सिहावा द्वारा ग्राम पदमपुर में जागरूकता अभियान चलाया गया। थाना बोराई द्वारा ग्राम कसपुर में ग्रामीणों को संबोधित किया गया। वहीं चौकी प्रभारी करेलीबड़ी द्वारा ग्राम परसट्ठी में विशेष कार्यक्रम संपन्न हुआ। इन कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीणजन, महिलाएं, छात्र-छात्राएं एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। नशा मुक्ति पर संदेशकार्यक्रमों में थाना/चौकी प्रभारीगण ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि नशा केवल व्यक्ति को शारीरिक और मानसिक रूप से कमजोर नहीं करता, बल्कि परिवार एवं समाज पर भी गहरा नकारात्मक प्रभाव डालता है। शराब, गांजा, सिगरेट, नशीली दवाइयों आदि से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में विस्तार से बताया गया। ग्रामीणों को समझाया गया कि नशे की लत से परिवार टूटते हैं, आर्थिक स्थिति बिगड़ती है और अपराध की ओर झुकाव बढ़ता है। इसी कारण समाज में सभी को मिलकर नशामुक्त वातावरण तैयार करना चाहिए। इस दौरान उपस्थित सभी ग्रामीणों को सामूहिक रूप से नशा न करने और दूसरों को भी नशा करने से रोकने की शपथ दिलाई गई।

**सायबर अपराध पर जागरूकता-** जागरूकता शिविरों में सायबर फ्रॉड के बढ़ते मामलों की जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि अज्ञात कॉल पर ह्रक्क, बैंक डिटेल, ्रञ्जरू नंबर, आधार/पैन नंबर साझा न करें। सोशल मीडिया पर संदिग्ध लिंक पर क्लिक न करें। ऑनलाइन खरीदारी व पैसों के लेन-देन में सतर्क रहें। किसी भी प्रकार की ठगी होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें या राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1930 तथा छत्तीसगढ़ पुलिस टोल फ्री नंबर 112 पर संपर्क करें। ग्रामीणों की सहभागिता-: ग्रामवासियों ने पुलिस की इस पहल का स्वागत किया और नशा त्यागने व समाज को स्वच्छ बनाने में अपना सहयोग देने का आश्वासन दिया। कई वरिष्ठ नागरिकों ने कहा कि पुलिस द्वारा समय-समय पर किए जाने वाले ऐसे कार्यक्रम से समाज में सकारात्मक बदलाव आ रहा है। धमतरी पुलिस का संदेश

धमतरी पुलिस द्वारा नशा मुक्ति एवं सायबर अपराध रोकथाम के लिए चलाया जा रहा यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। हमारा उद्देश्य है कि युवा वर्ग नशे से दूर रहकर शिक्षा, रोजगार व खेल-कूद में आगे बढ़े और किसी भी प्रकार की ठगी या धोखाधड़ी का शिकार न बने।

# बस्तर दशहरा की परंपरा, संस्कृति को संरक्षित करना हमारा दायित्व है

### बलराम मांझी बस्तर दशहरा समिति के उपाध्यक्ष मनोनीत

### बजट बढ़ाने पर भी हुई चर्चा

**जगदलपुर।** बस्तर दशहरा समिति की बैठक आज जिला कार्यालय के प्रेरणा कक्ष में आयोजित की गई। सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप, महापौर संजय पांडेय, नगर निगम सभापति खेम सिह देवांगन, माटी पुजारी बस्तर राजपरिवार के श्री कमलचंद भंजदेव, कलेक्टर हरिस एस, एसपी शलभ सिन्हा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन, वन मंडलाधिकारी उत्तम गुप्ता, अपर कलेक्टर बस्तर सी पी बघेल, ऋषिकेश तिवारी, अपर कलेक्टर नारायणपुर पंचभोई, आयुक्त नगर पालिक निगम प्रवीण वर्मा , तहसीलदार एवं बस्तर दशहरा समिति के सचिव रुपेश मरकाम सहित मांझी, चालकी, मेम्बर, मेम्बरिन, पुजारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

बैठक में नए उपाध्यक्ष का चुनाव किया गया। जिसमें बलराम मांझी को सर्वाधिक मांझी की सहमति मिली। इस अवसर पर सांसद महेश कश्यप ने नवनियुक्त उपाध्यक्ष को बधाई देते हुए कहा कि बस्तर दशहरा हमारी बहुत पुरानी परंपरा और संस्कृति है। हमारे पूर्वजों ने आमचो बस्तर की स्थानीय संस्कृति, रीति- रिवाज, लोक परंपरा को सहेजकर रखा है। हमें भी इस परंपरा-संस्कृति को संरक्षित करना है। संस्कृति को जीवित रखने के लिए सभी का सहयोग जरूरी है।दशहरा में सभी समाज की सहभागिता रहती है, दशहरा में अलग-अलग समाज अपने दायित्व का निर्वहन करते है। यह सामाजिक एकता का प्रतीक है। दशहरा पर्व के ऐतिहासिक स्थलों का राजस्व रिकार्ड के आधार पर संरक्षित किया जाना है। उन्होंने कहा कि दशहरा पर्व के शासन द्वारा दी गई बजट के अलावा स्थानीय स्तर राष्ट्रीय कंपनियों से भी बजट की राशि बढ़ाने के लिए चर्चा किया गया है। बस्तर के पर्यटन स्थलों को अब यूनेस्को जैसी संस्थान द्वारा पुरस्कार दे रही है, पर्यटक बस्तर दशहरा के साथ सभी पर्यटन स्थलों का भ्रमण करेंगे, ये पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण है । दशहरा पर्व के इस बार संभाग के सातों जिलों से देवी देवताओं का आगमन हो इसके लिए जनप्रतिनिधि, प्रशासन के साथ चर्चा की जाएगी।

इस दौरान माटी पुजारी कमलचंद भंजदेव व ने कहा कि दशहरा में क्षेत्र के देवी-देवताओं और विभिन्न समुदायों की भागीदारी का अद्भुत उदाहरण है। उन्होंने इस पर्व में विशेष भूमिका निभाने वाले मांझी, चालकी, सेवादारों की रिक्त पदों भर्ती सभी करवाने की पहल करने की मांग की।

संपादकीय

# अमेरिका की गोद में बैठ पाकिस्तान देखता हसीन सपने

अमेरिका की जरूरत पाकिस्तान है यह बात पाक को समझ नहीं आती है। क्योंकि भारत ने जिस प्रकार से आतंकी घटनाओं का माकूल जवाब दिया है यह दुनिया के सामने एक मिसाल बनकर सामने आया हैं। अब ट्रंप भले ही पाकिस्तान को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हों लेकिन यह पाकिस्तान कुछ ही दिनों का यार है अमेरिका का ऐसा हो सकता है । वहीं भारत की बात करें तो आवश्यक है कि विदेश नीति में किसी परिवर्तन से पहले उसके सभी आयामों पर गंभीरता से विचार हो। सिर्फ अमेरिका को सख्ती का संकेत देने के लिए अथवा जज्बाती प्रतिक्रिया में ऐसा करना भारत के हित में नहीं होगा। अमेरिका से बिगड़ते संबंधों के साथ भारत में अचानक चीन से रिश्ते सुधारने और रूस से संबंध और गहरा करने की जरूरत पर अधिक जोर दिया जाने लगा है। संकेत हैं कि भारत सरकार ने इससे संबंधित प्रक्रियाओं को तेज कर दिया है। उधर, ऐसा लगता है कि चीन ने इस नई परिस्थिति में अपने लिए अवसर देखा है।




# अजा एकादशी व्रत से मिलती है सभी कष्टों से मुक्ति



पं. चन्द्रभूषण शुक्ला,
संस्कृत भाषा के प्रचारक

19 अगस्त मंगलवार को अजा एकादशी का व्रत है। यह व्रत हर वर्ष भाद्रपद महीने के कृष्ण पक्ष की एकादशी तिथि को मनाया जाता है। ऐसा माना जाता है कि जो साधक इस व्रत को रखते हैं, उन्हें सभी कष्टों से मुक्ति मिलती है। इसके साथ ही भगवान विष्णु का आशीर्वाद मिलता है।

अजा एकादशी पर व्रत रखने और भगवान विष्णु की भक्ति करने से जीवन से सभी पाप नष्ट हो जाते हैं और मोक्ष की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार जो भी श्रद्धालु भगवान विष्णु के ऋषिकेश स्वरूप की उपासना करता है, उसे विष्णु लोक मिलता है। अजा एकादशी के व्रत की कथा सुनने मात्र से ही अश्वमेध यज्ञ के बराबर पुण्य फल मिलता है। हिन्दू परंपरा में एकादशी बेहद महत्वपूर्ण व्रत है। भाद्रपद माह के कृष्ण पक्ष की एकादशी के दिन पड़ने वाली एकादशी को अजा एकादशी के नाम से जाना जाता है।



इस दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु की उपासना करने की मान्यता है। कहा जाता है कि अजा एकादशी के दिन भगवान विष्णु की पूजा करने तथा दीन-दुःखी,निर्धन लोगों को दान देने से जीवन में सुख, समृद्धि और धन धान्य का आशीर्वाद प्राप्त होता है। ऐसी भी मान्यताएं हैं कि एकादशी का व्रत करने से व्यक्ति को सभी पापों से मुक्ति मिलती है।

### अजा एकादशी व्रत की कथा –

अजा एकादशी की कथा भगवान राम के पूर्वज सत्यवादी राजा हरिश्चंद्र से जुड़ी है। राजा हरिश्चंद्र ने अपनी सत्यता और वचनबद्धता के पालन के लिए अपने राज्य, पत्नी और पुत्र तक को त्याग दिया था और स्वयं एक चांडाल के सेवक बन गए थे। गौतम ऋषि के कहने पर, उन्होंने भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की अजा एकादशी का व्रत किया, जिससे उनके सभी पाप नष्ट हो गए और उन्हें उनका खोया हुआ परिवार, राज्य और सुख-शांति वापस मिल गई।

एक दिन, राजा हरिश्चंद्र अपनी व्यथा लेकर गौतम ऋषि के पास पहुंचे। ऋषि ने राजा की पीड़ा सुनी और उन्हें भाद्रपद माह की कृष्ण पक्ष की अजा एकादशी का व्रत करने की सलाह दी। उन्होंने बताया कि इस व्रत के प्रभाव से राजा के सभी पाप नष्ट हो जाएंगे और उन्हें उनके कष्टों से मुक्ति मिलेगी। गौतम ऋषि के वचनों के अनुसार, राजा हरिश्चंद्र ने अजा एकादशी का व्रत किया और विधि-विधान से भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की। व्रत के प्रभाव से उनके सभी पाप नष्ट हो गए तथा उन्हें उनका परिवार वापस मिल गया और उनका खोया हुआ राज्य भी उन्हें वापस मिल गया। इसके अतिरिक्त, राजा हरिश्चंद्र को मृत्यु के बाद बैकुंठ धाम की प्राप्ति हुई।

# आत्मउन्नयन एवं जीवन-जागृति का पर्व है पर्युषण



ललित गर्ग
लेखक, पत्रकार, स्तंभकार



जैन धर्म में पर्युषण महापर्व का अपना विशेष महत्व है। यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं बल्कि आत्मा की गहराइयों तक जाने का, आत्मनिरीक्षण करने का और आत्मशुद्धि का अनूठा पर्व है। जैन संस्कृति ने सदियों से इस पर्व को आत्मकल्याण, साधना और तपस्या का महान माध्यम बनाया है। 'पर्युषण' का शाब्दिक अर्थ है-अपने भीतर ठहरना, आत्मा में रमना, आत्मा के समीप होना। इस वर्ष अन्तःकरण की शुद्धि का यह महापर्व 20 से 27 अगस्त, 2025 को मनाया जा रहा है, इन आठ दिनों में हर जैन अनुयायी अपने तन और मन को साधनामय बना लेता है, मन को इतना मांज लेता है कि अतीत की त्रुटियां को दूर करते हुए भविष्य में कोई भी गलत कदम न उठे। इस पर्व में एक ऐसा मौसम ही नहीं, माहौल भी निर्मित होता है, जो हमारे जीवन की शुद्धि कर देता है। इस दृष्टि से यह पर्व आध्यात्मिकता के साथ-साथ जीवन उत्थान का पर्व है, यह मात्र जैनों का पर्व नहीं है, यह एक सार्वभौम पर्व है। पूरे विश्व के लिए यह एक उत्तम और उत्कृष्ट पर्व है, क्योंकि इसमें आत्मा की उपासना करते हुए जीवन को शांत, स्वस्थ एवं अहिंसामय बनाया जाता है। संपूर्ण संसार में यही एक ऐसा उत्सव या पर्व है जिसमें आत्मरत होकर व्यक्ति आत्मार्थी बनता है व अलौकिक, आध्यात्मिक आनंद के शिखर पर आरोहण करता हुआ मोक्षगामी होने का सद्प्रयास करता है।

जैनधर्म की त्याग प्रधान संस्कृति में पर्युषण पर्व का अपना अपूर्व एवं विशिष्ट आध्यात्मिक महत्व है। इसमें जप, तप, साधना, आराधना, उपासना, अनुप्रेक्षा आदि अनेक प्रकार के अनुष्ठान से जीवन को पवित्र किया जाता है। यह अंर्तआत्मा की आराधना का पर्व है- आत्मशोधन का पर्व है, निद्रा त्यागने का पर्व है। सचमुच में पर्युषण पर्व एक ऐसा सवेरा है जो निद्रा से उठाकर जागृत अवस्था में ले जाता है। अज्ञानरूपी अंधकार से ज्ञानरूपी प्रकाश की ओर ले जाता है। तो जरूरी है प्रमादरूपी नींद को हटाकर इन आठ दिनों विशेष तप, जप, स्वाध्याय की आराधना करते हुए अपने आपको सुवासित करते हुए अंर्तआत्मा में लीन हो जाए जिससे हमारा जीवन सार्थक व सफल हो पाएगा।

पर्युषण का एक अर्थ है-कर्मों का नाश करना। कर्मरूपी शत्रुओं का नाश होगा तभी आत्मा अपने स्वरूप में अवस्थित होगी अतः यह पर्युषण-पर्व आत्मा का आत्मा में निवास करने की प्रेरणा देता है। यह आध्यात्मिक पर्व है, इसका जो केन्द्रीय तत्त्व है, वह है-आत्मा। आत्मा के निरामय, ज्योतिर्मय स्वरूप को प्रकट करने में पर्युषण महापर्व अहं भूमिका निभाता रहता है। अध्यात्म यानि आत्मा की सन्निकटता। यह पर्व मानव-मानव को जोड़ने व मानव हृदय को संशोधित करने का पर्व है, यह मन की खिड़कियों, रोशनदानों व दरवाजों को खोलने का पर्व है। पर्युषण पर्व जैन एकता का प्रतीक पर्व है। दिगंबर परंपरा में इसकी ''दशलक्षण पर्व'' के रूप में पहचान है। उनमें इसका प्रारंभिक दिन भाद्र व शुक्ला पंचमी और संपन्नता का दिन चतुर्दशी है। दूसरी तरफश्वेतांबर जैन परंपरा में भाद्र व शुक्ला पंचमी का दिन समाधि का दिन होता है। जिसे संवत्सरी के रूप में पूर्ण त्याग-प्रत्याख्यान, उपवास, पौषध सामायिक, स्वाध्याय और संयम से मनाया जाता है। वर्ष भर में कभी समय नहीं निकाल पाने वाले लोग भी इस दिन जागृत हो जाते हैं। कभी उपवास नहीं करने वाले भी इस दिन धर्मानुष्ठान करते नजर आते हैं।

पर्युषण पर्व मनाने के लिए भिन्न-भिन्न मान्यताएं उपलब्ध होती हैं। आगम साहित्य में इसके लिए उल्लेख मिलता है कि संवत्सरी चातुर्मास के 49 या 50 दिन व्यतीत होने पर व 69 या 70 दिन अवशिष्ट रहने पर मनाई जानी चाहिए। दिगम्बर परंपरा में यह पर्व 10 लक्षणों के रूप में मनाया जाता है। यह 10 लक्षण पर्युषण पर्व के समाप्त होने के साथ ही शुरू होते हैं। यह पर्व जैन अनुयायियों के लिए संयम, साधना और आत्मसंयम का विशेष अवसर लेकर आता है। इन दिनों में जैन समाज उपवास, प्रतिक्रमण, पाठ, स्वाध्याय, सामायिक, ध्यान और पूजा के माध्यम से आत्मिक उन्नति का मार्ग प्रशस्त करता है। घर-घर में धार्मिक वातावरण बनता है और हर व्यक्ति अपने जीवन की दिशा को सुधारने का प्रयत्न करता है। पर्युषण पर्व का मुख्य उद्देश्य है आत्मा को कर्मों की परतों से मुक्त करना। जीवन में चाहे जितनी भी व्यस्तता हो, इन दिनों में हर जैन श्रावक-श्राविका अपने जीवन की गति को धीमा कर आत्मचिंतन करता है। यह पर्व हमें यह सिखाता है कि बाहरी सुख-सुविधाएँ क्षणिक हैं, वास्तविक सुख भीतर है और आत्मा की शुद्धि में ही है। जब व्यक्ति अपने भीतर झाँकता है तो उसे अपने दोष, अपने अपराध और अपनी कमजोरियों का बोध होता है। इसी बोध से क्षमा और आत्मपरिवर्तन की भावना उत्पन्न होती है।

पर्युषण पर्व के अंतिम दिन 'क्षमावाणी' का आयोजन होता है, जिसे 'क्षमा दिवस' भी कहा जाता है। इस दिन हर व्यक्ति अपने परिचितों, रिश्तेदारों, मित्रों और यहां तक कि शत्रुओं से भी यह कहता है-÷मिच्छामि दुक्कडम्÷ अर्थात् यदि मुझसे किसी को भी मन, वचन या शरीर से कोई पीड़ा पहुँची है तो मैं उसके लिए क्षमाप्रार्थी हूँ। इस प्रकार क्षमा माँगने और क्षमा करने की परंपरा से समाज में सद्भाव, प्रेम और मैत्री का वातावरण बनता है। पर्युषण पर्व आत्मसंयम और आत्मिक साधना का गहन अभ्यास है। यह पर्व हमें याद दिलाता है कि जीवन का वास्तविक उद्देश्य केवल भोग-विलास और सांसारिक उपलब्धियाँ नहीं हैं, बल्कि आत्मा का उत्थान और मोक्ष की दिशा में अग्रसर होना है। यही कारण है कि इन दिनों में लोग केवल धार्मिक ग्रंथों का अध्ययन ही नहीं करते, बल्कि व्यवहारिक जीवन में भी सात्विकता, करुणा, अहिंसा और सहअस्तित्व को अपनाने का प्रयास करते हैं। यह पर्व हर जैन साधक के लिए एक आत्मयात्रा है। तप, संयम, स्वाध्याय और क्षमा की साधना से वह स्वयं को नया जन्म देता है।

पर्युषण पर्व एक दूसरे को अपने ही समान समझने का पर्व है। गीता में भी कहा है''आत्मौपम्येन सर्वत्रः, समे पश्यति योर्जुन''-'श्रीकृष्ण ने अर्जुन से कहा-हे अर्जुन ! प्राणीमात्र को अपने तुल्य समझो। भगवान महावीर ने कहा-''मित्ती में सव्व भूएसु, वेरंमज्झण केणइ'' सभी प्राणियों के साथ मेरी मैत्री है, किसी के साथ वैर नहीं है। मानवीय एकता, शांतिपूर्ण सह-अस्तित्व, मैत्री, शोषणविहीन सामाजिकता, अंतर्राष्ट्रीय नैतिक मूल्यों की स्थापना, अहिंसक जीवन आत्मा की उपासना शैली का समर्थन आदि तत्त्व पर्युषण महापर्व के मुख्य आधार हैं। ये तत्त्व जन-जन के जीवन का अंग बन सके, इस दृष्टि से इस महापर्व को जन-जन का पर्व बनाने के प्रयासों की अपेक्षा है। मनुष्य धार्मिक कहलाए या नहीं, आत्म-परमात्मा में विश्वास करे या नहीं, पूर्वजन्म और पुनर्जन्म को माने या नहीं, अपनी किसी भी समस्या के समाधान में जहाँ तक संभव हो, अहिंसा का सहारा ले- यही पयुर्षण की साधना का हार्द है। हिंसा से किसी भी समस्या का स्थायी समाधान नहीं हो सकता। हिंसा से समाधान चाहने वालों ने समस्या को अधिक उकसाया है। इस तथ्य को सामने रखकर जैन समाज ही नहीं आम-जन भी अहिंसा की शक्ति के प्रति आस्थावान बने और गहरी आस्था के साथ उसका प्रयोग भी करे। परलोक सुधारने की भूलभुलैया में प्रवेश करने से पहले इस जीवन की शुद्धि पर ध्यान केंद्रित होना चाहिए। धर्म की दिशा में प्रस्थान करने के लिए यही रास्ता निरापद है और यही इस पर्व की सार्थकता का आधार है, प्रतिक्रमण का प्रयोग है। पीछे मुड़कर स्वयं को देखने का ईमानदार प्रयत्न है। वर्तमान की आंख से अतीत और भविष्य को देखते हुए कल क्या थे और कल क्या होना है इसका विवेकी निर्णय लेकर एक नये सफर की शुरुआत की जाती है। यह पर्व अहिंसा और मैत्री का पर्व है। अहिंसा और मैत्री के द्वारा ही शांति मिल सकती है। आज जो हिंसा, आतंक, आपसी-द्वेष, नक्सलवाद, भ्रष्टाचार जैसी ज्वलंत समस्याएं न केवल देश के लिए बल्कि दुनिया के लिए चिंता का बड़ा कारण बनी हुई है और सभी कोई इन समस्याओं का समाधान चाहते हैं। उन लोगों के लिए पर्युषण पर्व एक प्रेरणा है, पाथेय है, मार्गदर्शन है और अहिंसक जीवन शैली का प्रयोग है।

**यह निजी विचार है।**

# भोजन और बैठक से क्या हासिल हुआ?

अजीत द्विवेदी



विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के नेताओं की राहुल गांधी के नए सरकारी आवास पर बैठक हुई और सबने जरूरी राजनीतिक मुद्दों पर चर्चा के बाद एक साथ भोजन भी किया। इसके बाद कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'इंडिया' ब्लॉक के नेताओं को भोजन कराया। लेकिन इस भोजन और बैठक से क्या हासिल हुआ? क्या कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने इस गठबंधन के अस्तित्व को लेकर जो सवाल उठाए थे उनका जवाब मिल गया?

क्या यह स्थापित हो गया कि विपक्षी गठबंधन उसी स्वरूप में बना हुआ है, जिस स्वरूप में यह अपने गठन के समय था और आज भी इसका उद्देश्य वही है, जो 2023 के जून महीने में पटना के एक, अणे मार्ग में तय हुआ था? ये सवाल इसलिए है क्योंकि पिछले छह महीने में कई नेता 'इंडिया' ब्लॉक के अस्तित्व पर सवाल उठा चुके हैं और कह चुके हैं कि इसका गठन लोकसभा चुनाव 2024 के लिए किया गया था। यानी लोकसभा चुनाव 2024 खत्म तो इसका अस्तित्व भी खत्म! संसद सत्र में जो एकजुटता दिख रही है वह भी सिर्फ मानसून सत्र के लिए है और उसे दीर्घकालिक एकजुटता नहीं समझना चाहिए।

वास्तविकता यह है कि विपक्षी गठबंधन यानी 'इंडिया' ब्लॉक का अब वैसे ही अस्तित्व नहीं है, जैसे यूपीए का नहीं रहा। ध्यान रहे 2004 के लोकसभा चुनाव के बाद यूपीए का गठन हुआ था। मनमोहन सिंह प्रधानमंत्री बने थे और सोनिया गांधी यूपीए की चेयरपर्सन बनी थीं। यह गठबंधन 2014 के लोकसभा चुनाव तक बना रहा। लेकिन 2014 का चुनाव हारने के बाद यह समाप्त हो गया। सोचें, कितनी हैरानी की बात है कि 1998 में अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार के समय बना एनडीए आज तक चल रहा है। कई बार चुनाव हारने के बाद भी एनडीए बना रहा लेकिन एक बार चुनाव हारते ही यूपीए समाप्त हो गया। वैसे ही 2024 के चुनाव से पहले 'इंडिया' का गठन हुआ और चुनाव नतीजों के बाद धीरे धीरे इसका अस्तित्व समाप्त हो गया। अभी निकट भविष्य में इसके रिवाइवल की संभावना नहीं दिख रही है। फिर कभी विपक्षी गठबंधन फिर बना तो हो सकता है कि उसका नाम कुछ और हो।

वैसे भी राज्यों में 'इंडिया' ब्लॉक नाम से कोई गठबंधन नहीं है। महाराष्ट्र में भाजपा विरोधी गठबंधन को 'महाविकास अघाड़ी' कहते हैं, जिसका नेतृत्व किस पार्टी के हाथ में है यह किसी को पता नहीं है। बिहार में इसे 'महागठबंधन' कहते हैं, जिसका नेतृत्व राजद के हाथ में है। बिहार के पड़ोसी झारखंड में भी इसे 'महागठबंधन' कहते हैं, जिसका नेतृत्व झारखंड मुक्ति मोर्चा के हाथ में है। तमिलनाडु में इसका नाम 'सेकुलर प्रोग्रेसिव एलायंस' है, जिसकी कमान एमके स्टालिन की पार्टी डीएमके संभालती है। केरल में भारतीय जनता पार्टी एक बड़ी ताकत नहीं है। वहां कांग्रेस के नेतृत्व में एक गठबंधन है, जिसका नाम यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट यानी यूडीएफ है।

इसकी लड़ाई सीपीएम के नेतृत्व वाले लेफ्ट डेमोक्रेटिक फ्रंट से होती है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी साथ मिल कर 'इंडिया' ब्लॉक के बैनर तले लोकसभा का चुनाव लड़े थे। विधानसभा चुनाव में इनका गठबंधन कैसे बनता है यह देखने वाली बात होगी। यह बहुत दिलचस्प बात है कि केरल को छोड़ कर जिस प्रदेश में कांग्रेस मजबूत है वहां कोई प्रादेशिक गठबंधन नहीं है। कर्नाटक से लेकर तेलंगाना और मध्य प्रदेश से लेकर छत्तीसगढ़ और गुजरात से लेकर राजस्थान, दिल्ली, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड आदि सभी राज्यों में कांग्रेस अपने भरोसे है।

बहरहाल, लोकसभा चुनाव में भी विपक्ष का गठबंधन कोई परफेक्ट नहीं था। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी ने कोई तालमेल नहीं किया था। विपक्षी गठबंधन की पार्टियां अलग अलग लड़ी थीं तो केरल में कांग्रेस और सीपीएम के नेतृत्व वाले गठबंधन में कोई तालमेल नहीं हुआ था। यह एक टैक्टिकल पोजिशन थी, जो पार्टियों ने राज्यों की राजनीतिक वास्तविकता को ध्यान में रख कर चुनी थी। लोकसभा चुनाव के बाद इस टैक्टिकल पोजिशन में भी बिखराव हुआ है और स्ट्रैटिजिकल पोजिशन भी पहले वाली नहीं है। लोकसभा चुनाव साथ मिल कर लड़ी आम आदमी पार्टी अब गठबंधन से अलग हो गई है।

विधानसभा चुनाव के लिए ममता बनर्जी साथ नहीं आ रही हैं तो केरल में भी यूडीएफ और एलडीएफ को एक दूसरे के खिलाफ ही लड़ना है। लोकसभा और विधानसभा चुनाव में साथ रही उद्धव ठाकरे की शिव सेना के बारे में पक्के तौर पर नहीं कहा जा सकता है कि वह स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस के साथ है। उद्धव ठाकरे ने राज ठाकरे से हाथ मिला लिया है तो वैसे भी कांग्रेस के लिए स्पेस कम हो गया है। ऐसा लग रहा है कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय का चुनाव 'इंडिया' ब्लॉक की पार्टियां अलग अलग लड़ेंगी।

सो, संसद में विपक्ष की एकता या राहुल गांधी और मल्लिकार्जुन खड़गे के बुलावे पर विपक्षी नेताओं के जुटने का मतलब यह नहीं है कि 'इंडिया' ब्लॉक रिवाइव हो रहा है या उसको मजबूती मिल रही है। संसद सत्र के दौरान सदन में बाहर भी मौजूदा एकजुटता मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर को लेकर है। विपक्षी पार्टियां इस मसले पर एकजुट हैं। उन्होंने अरसे बाद सड़क पर उतर कर ताकत दिखाई, जब विपक्षी सांसदों ने निर्वाचन सदन की ओर मार्च किया। उनको लग रहा है कि मतदाता सूची में होने वाला बदलाव उनको स्थायी रूप से सत्ता से दूर कर सकता है। इसलिए सभी पार्टियां साथ आ गई हैं। मतदाता सूची, ईवीएम और चुनाव प्रक्रिया में दूसरी कथित गड़बड़ियों के नाम पर चुनाव आयोग से लड़ने में सभी पार्टियां साथ हैं। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि उनमें कोई चुनावी तालमेल होने जा रहा है। चुनावी तालमेल उन्हीं राज्यों में होगा, जहां पहले से है। यानी यथास्थिति बनी रहेगी। बिहार में इस साल 'महागठबंधन' साथ में चुनाव लड़ेगा तो अगले तमिलनाडु में भी विपक्षी गठबंधन एक होकर लड़ेगा। लेकिन इसके अलावा पश्चिम बंगाल, असम और केरल में 'इंडिया' ब्लॉक की पार्टियां एक दूसरे के खिलाफ लड़ेंगी। विपक्षी एकजुटता तो तब मानी जाएगी, जब पश्चिम बंगाल और असम में तृणमूल कांग्रेस, कांग्रेस और लेफ्ट के बीच और केरल में यूडीएफ व एलडीएफ के बीच कोई प्रत्यक्ष या परोक्ष गठबंधन बने। इसकी संभावना नहीं दिख रही है। **यह निजी विचार है।**

# भारत का दुखदाई मित्र (ट्रबलसम फ्रेंड) डोनाल्ड ट्रंप।

### भारत,रूस,चीन और ब्राजील का नया समीकरण।

अमेरिका के इतिहास में नजर डाली जाए तो डोनाल्ड ट्रंप देश के 47 वें राष्ट्रपति बने हैं। अमेरिका में सर्वप्रथम अप्रैल 1789 में जॉर्ज वाशिंगटन राष्ट्रपति बने थे। उसके बाद जॉन ऐडम्स, थॉमस जेफरसन,जेम्स मेडिसिन अमेरिका के राष्ट्रपति रहे। परंपरागत रूप से सभी राष्ट्रपति काफी शालीन और शक्तिशाली किन्तु संतुलित निर्णय लेने वाले रहे हैं। अब्राहम लिंकन अमेरिका के ऐसे उल्लेखनीय 16वें राष्ट्रपति बनें जिन्होंने अपने देश में अनेक सामाजिक परिवर्तन भी किए थे। उन्होंने दास प्रथा उन्मूलन में महत्वपूर्ण कदम उठाए। वे अमेरिका में 1861 से लेकर उनकी हत्या 1865 तक राष्ट्रपति रहे और उन्हें अमेरिका में अभी भी शहीद तथा राष्ट्रीय नायक के रूप में याद किया जाता रहा है। इसके ठीक विपरीत अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप 47 वे रिपब्लिकन पार्टी के विवादास्पद राष्ट्रपति बने हैं।राष्ट्रपति पद के अपने दूसरे कार्यकाल में डोनाल्ड ट्रंप जनवरी 25 से लेकर अब तक अपने दिमागी असंतुलन और अजीबोगरीब नीतियों के कारण वैश्विक चर्चा का हॉट टॉपिक बन चुके हैं। विश्व के भारत सहित अनेक देशों पर अमेरिका में आयात किया जा रहे उत्पादों पर 12 से लेकर 50त्न तक टैरिफआरोपित करना शुरू कर दिया है।जिससे विश्व के आर्थिक जगत में बेचैनी बढ़ गई है। डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर आवश्यक वस्तुओं के अमेरिकी निर्यात पर 25 से 50% तक शुल्क लगाने की आधिकारिक घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर कर दिए हैं ।

इसके पूर्व भारत के प्रधानमंत्री तथा अमेरिकी राष्ट्रपतियों जिनमें उल्लेखनीय तौर पर बराक ओबामा, जो बाइडेन और डोनाल्ड ट्रंप के पहले कार्यकाल तक संबंध काफी अच्छे और मित्रता पूर्वक रहे हैं। भारत और अमेरिका परंपरागत तरीके से व्यापार के साझेदार भी रह चुके हैं। भारत ने अमेरिका से अस्त्र-शस्त्र तथा कई आवश्यक सामग्रियां भी खरीदी हैं और इसके बदले भारत जेनेरिक दवाइयां एवं अन्य सामग्रियां का अमेरिका को निर्यातक रहा है। उसके बाद जाने क्यों डोनाल्ड ट्रंप का जनवरी 25 से लेकर अब तक भारत के प्रति रवैया धीरे-धीरे बदल गया है और उन्होंने इस दौरान भारत से अपने व्यापारिक संबंध काफी उदासीन कर लिए हैं। डोनाल्ड ट्रंप व्यापारिक पृष्ठभूमि से राष्ट्रपति बने हैं लाजमी है कि वे अपने देश से व्यापार करने वाले अन्य देशों से अमेरिका के लिए अधिकतम लाभ लेना चाहेंगे। उन्होंने भारत के अलावा अन्य कई देशों पर भारी टैरिफ आरोपित करना शुरू कर दिया है। पर चीन बांग्लादेश पाकिस्तान पर उनकी नजीरें काफी इनायत रही है। इन देशों में केवल 12 से 20% तक ही शुल्क आरोपित किया है। इसके विपरीत भारत के द्वारा रुस से भारी मात्रा में तेल आयात करने से नाराज होकर कुछ दिनों पूर्व अमेरिका में भारत से आयातित सामानों पर 25% टैरिफलगाकर अब उसे बढ़ाकर 50% तक कर दिया है। उसकी समय सीमा भी तय कर दी है। भारत ने इस संदर्भ में अपना रुख स्पष्ट कर कहा है कि भारत अपने देश के उत्पादों पर और 142 करोड़ की जनता के साथ अन्याय नहीं होने देगा।

अब भारत के इस नए आक्रामक रुख जिसमें रूस की तरफअपनी दोस्ती को नया आयाम देने की पेशकश कर राष्ट्रपति पुतिन को भारत आमंत्रित किया है। अब राष्ट्रपति पुतिन अक्टूबर में भारत आएंगे। दूसरी तरफ भारतीय प्रधानमंत्री चीन की यात्रा पर भी जाएंगे।

इस नए समीकरण से वैश्विक स्तर पर अमेरिका सहित देशों में बेचैनी बढ़ गई है। इसे नई त्रिकोणीय युति की तरह देखा जा रहा है। चीन की तरफभारत के रुख और चीन का भारत के प्रति नई व्यावसायिक मित्रता को अलग नजरिए से देखा जा रहा है। इन सब-नए समीकरणों में अमेरिका ने ब्राजील के ऊपर भी 50% टैरिफलगाने की घोषणा के बाद ब्राजील के राष्ट्रपति लूला ने भारत के प्रधानमंत्री से टेलीफोन एक वार्ता कर खलबली मचा दी है। अब भारत रूस चीन और ब्राजील एक होकर अमेरिका का लगभग बायकाट करने की स्थिति में आ गए हैं।

**संजीव ठाकुर द्वारा । यह निजी विचार है।**

# फसलें खराब होने को अत्यंत गंभीरता से लें अधिकारी, सैंपल फेल होने पर कार्रवाई की जाएं- श्री शिवराज सिंह

## एक नहीं, सैकड़ों किसान हो रहे हैं परेशान, किसानों की पीड़ा को गंभीरता से समझें- श्री शिवराज सिंह

## नकली खाद, बीज और कीटनाशक किसानों के लिए अभिशाप है- श्री शिवराज सिंह

पीआईबी



नकली खाद-बीज और कीटनाशकों की बिक्री के मामले में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण तथा ग्रामीण विकास मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कड़ा रूख अपनाया है। श्री शिवराज सिंह ने आज कृषि भवन, नई दिल्ली में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण विभाग व भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद (आईसीएआर) के वरिष्ठ अधिकारियों की इस संबंध में उच्चस्तरीय बैठक लेकर नकली खाद-बीज व कीटनाशक बेचने वालों के खिलाफकड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए। श्री शिवराज सिंह ने कहा कि किसानों की फसलें खराब होने को सभी अधिकारी अत्यंत गंभीरता से अधिकारी लें, ताकि किसानों को नुकसान से बचाया जा सकें। श्री शिवराज सिंह ने व्यापक पैमाने पर छापेमारी और खेतों में जाकर जांच करने के निर्देश भी दिए हैं।

बैठक में केंद्रीय मंत्री श्री शिवराज सिंह ने कहा कि नकली खाद-बीज और कीटनाशकों के कारण कोई एक नहीं, बल्कि विभिन्न जिलों में सैकड़ों किसान परेशान हो रहे हैं। कई जगह से ऐसी शिकायतें आती है, किसान बोलते हैं कि खेत में दवाई डाल रहे हैं पर इसका असर नहीं हो रहा है, मैं तो बहुत चिंतित हूं। इन किसानों की पीड़ा को गंभीरता से समझा जाना चाहिए। श्री चौहान ने कहा कि मैंने कल खुद किसान के खेत में जाकर देखा, एक दवाई किसान ने डाली, जिसके कारण सोयाबीन की फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। कल जब मैंने खेत में देखा तो सैकड़ों किसान वहां मौजूद थे। इन सबने मुझे शिकायतें की, परेशानी बताई। श्री शिवराज सिंह ने कहा कि ऐसे घटिया या नकली दवाई और खाद-बीज बेचने वालों को बिल्कुल बख्शा नहीं जाना चाहिए, इनके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई सुनिश्चित की जाएं। केंद्रीय मंत्री ने कृषि अधिकारियों से इस संबंध में अब-तक की गई कार्रवाई की जानकारी लेते हुए कहा कि नकली खाद, बीज और कीटनाशक किसानों के लिए अभिशाप है। श्री शिवराज सिंह ने कहा कि हम हमारे किसानों को लूटते हुए नहीं देख सकते।

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री शिवराज सिंह ने निर्देश दिए कि कृषि विभाग का अमला राज्य सरकारों के साथ किसानों के खेतों में जाकर जांच करें और अभियान चलाकर व्यापक पैमाने पर आकस्मिक छापेमारी कर कड़ी कार्रवाई करें। सैंपल लिए जाएं व फेल होने पर कार्रवाई करें। श्री शिवराज सिंह ने कहा कि जो कंपनी या निर्माता गड़बड़ियां कर रहे हैं, उनके खिलाफ हम सख्त कार्रवाई करेंगे तो गड़बड़ करने वाले लोगों में भय पैदा होगा और किसानों को राहत मिलेगी। केंद्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि गड़बड़ी मिलने पर फैक्ट्रियां व दुकानें सील की जाएं।

श्री शिवराज सिंह ने कहा कि अगर कहीं कुछ गलत हो रहा हो तो किसानों के हित में कड़ी कार्रवाई करना हमारा धर्म है। अगर कहीं गलत हो रहा है तो नहीं होने दें, यह हमारी ड्यूटी है, जिसका पालन हमें करना है। श्री शिवराज सिंह ने इस संबंध में किसानों की शिकायतों को भी सुनने के साथ उनका पूरा समाधान जल्द से जल्द करने के निर्देश दिए, साथ ही कहा कि प्राप्त शिकायतों की वे स्वयं नियमित समीक्षा करेंगे। केंद्रीय मंत्री श्री चौहान ने इस संबंध में राज्य सरकारों के साथ बात करके किसानों के मामले में पूरी संवेदना के साथ प्रभावी कार्रवाई करने को कहा। श्री शिवराज सिंह ने इस संबंध में किसानों के बीच जागरूकता का प्रसार भी व्यापक रूप से करने के दिशा-निर्देश दिए, ताकि किसान परेशान होने से बच सकें।

केंद्रीय कृषि मंत्री श्री चौहान ने कहा कि विकसित कृषि संकल्प अभियान के दौरान भी किसानों के बीच प्रचार-प्रसार किया जाएं, ताकि किसान नुकसान और परेशानी से बच सकें। श्री शिवराज सिंह ने एक अन्य विषय में पॉली हाउस, ग्रीन हाउस, मैकेनाइजेशन के लिए केंद्र सरकार द्वारा दी जा रही सब्सिडी सहायता का कृषि विभाग की टीमों के द्वारा सत्यापन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यह चेक किया जाना चाहिए कि पॉली हाउस, ग्रीन हाउस, मैकेनाइजेशन के लिए केंद्र से दी जा रही सब्सिडी का लाभ किसानों को वास्तविक रूप से कितना मिल रहा है। केंद्र से सब्सिडी की योजनाओं का लाभ समय से मिलना चाहिए। श्री शिवराज सिंह ने कहा कि हमारी योजनाओं का सही उपयोग हो, यह समय-समय पर सत्यापन करना चाहिए।



विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान (स्वतंत्र प्रभार), प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा एवं अंतरिक्ष राज्य मंत्री ...



केन्द्रीय मंत्री जितेन्द्र सिंह कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए

# भाषाई विविधता को शामिल करने के लिए नेवा में सुविधाएँ जोड़ी गई

पीआईबी।

भाषिणी के माध्यम से टेक्स्ट- टू- टेक्स्ट मशीन अनुवाद को नेवा सार्वजनिक पोर्टलों (होमपेज और व्यक्तिगत राज्य विधानसभा पोर्टल सहित) को सभी 22 अनुसूचित क्षेत्रीय भाषाओं और अंग्रेजी में अनुवाद करने के लिए एकीकृत किया गया है।

राज्यवार इंटरफ़ेस कॉन्फ़िगरेशन उपयोगकर्ताओं को अपनी संबंधित क्षेत्रीय भाषाओं में एप्लिकेशन संचालित करने में सक्षम बनाता है।

डिजिटल बुक में एक भाषा टॉगल सुविधा उपलब्ध है जो उपयोगकर्ताओं को अपनी पसंद के आधार पर इंटरफ़ेस भाषा बदलने की अनुमति देती है।

ये सुविधाएँ उन राज्यों में पहले से ही चालू हैं जो नेवा प्लेटफ़ॉर्म पर उपलब्ध हैं। भाषिणी के माध्यम से मशीन सहायता प्राप्त स्वचालित अनुवाद को नेवा एप्लिकेशन के सार्वजनिक पोर्टलों के साथ- साथ सदस्य और सचिवालय इंटरफेस के कई घटकों में पहले ही एकीकृत किया जा चुका है, जिससे भाषाई पहुँच में वृद्धि हुई है। यह जानकारी संसदीय कार्य और सूचना एवं प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी। यह उपभोक्ता विवादों के समय पर और प्रभावी समाधान की दिशा में निरंतर प्रयासों को दर्शाता है।

# खनन में आईटी एवं डिजिटलीकरण पहल

लोकशक्ति

कोयला सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों ने कोयला उत्पादन और वितरण में दक्षता और पारदर्शिता में सुधार के लिए अपने खनन कार्यों में निम्नलिखित डिजिटलीकरण और सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) आधारित पहलों को अपनाया है-

**कोल इंडिया लिमिटेड** – (द्व) एकीकृत कमान और नियंत्रण केंद्र (आई.सी.सी.सी.) - 24×7 इलेक्ट्रॉनिक निगरानी और अलर्ट उत्पादन की सुविधा के लिए खनन क्षेत्रों के रणनीतिक स्थान पर कई परिचालन और सुरक्षा कार्यों का प्रबंधन करने के लिए

**ऑपरेटर स्वतंत्र ट्रक डिस्पैच प्रणाली**
**ई-एमबी और ई-बिलिंग पोर्टल**

सुरक्षा पहलों की प्रभावी निगरानी और कार्यान्वयन तथा सुरक्षा निरीक्षणों की प्रभावशीलता में सुधार के लिए केंद्रीकृत सुरक्षा सूचना प्रणाली (सी.एस.आई.एस.) (1) सतत परिवेशी वायु गुणवत्ता निगरानी प्रणाली (सी.ए.ए.क्यू.एम.एस.)



(vi) डेटा-संचालित अंतर्दृष्टि और उन्नत डिजिटल प्रौद्योगिकियों के माध्यम से निर्णय लेने और प्रदर्शन को मजबूत करने के लिए डिजिटल परिवर्तन पहल (डिजिकोल)

(vii) कर्मचारी संसाधन योजना (ई.आर.पी.) पहल (viii) पीएम गति-शक्ति-राष्ट्रीय मास्टर प्लान, जिससे परिवहन मार्गों की पहचान करने, परियोजनाओं में कमी का पता लगाने, रेलवे, बिजली लाइनों और पाइपलाइनों के लिए उपयुक्त मार्गों की पहचान करने में मदद मिलेगी।

(i&) किसी भी भारतीय नागरिक द्वारा की गई अवैध खनन रिपोर्ट पर रिपोर्टिंग और कार्रवाई के लिए खनन प्रहरी मोबाइल ऐप और संबंधित कोयला खान निगरानी एवं प्रबंधन पोर्टल (सी.एम.एस.एम.एस.) का विकास।

### सिंगरेनी कोलियरीज कंपनी लिमिटेड

(i) 2008 से एस.ए.पी. (ई.आर.पी.) के विभिन्न मॉड्यूलों का कार्यान्वयन।

(ii) ग्लोबल पोजिशन सिस्टम/व्हीकल ट्रैकिंग सिस्टम आधारित कोयला परिवहन वाहन निगरानी प्रणाली लागू

(iii) विशिष्ट एवं महत्वपूर्ण स्थानों के लिए सी.सी.टी.वी. निगरानी कवरेज तैनात

(iv) ऑपरेटर स्वतंत्र ट्रक डिस्पैच सिस्टम (ओ.आई.टी.डी.एस.)

(1) ड्रोन का सीमित उद्देश्य के लिए उपयोग

एन.एल.सी. इंडिया लिमिटेड -

(i) खदान में तैनात उपकरणों की ट्रैकिंग के लिए जी.पी.एस. तकनीक का उपयोग करते हुए ऑपरेटर स्वतंत्र ट्रक डिस्पैच प्रणाली और जियो-फेंसिंग तकनीक को लागू किया गया है।

# प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड ने प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के लिए स्वदेशी एआई-संचालित रक्त परीक्षण उपकरण का समर्थन किया

पीआईबी



भारत सरकार के विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग के प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) ने मेसर्स प्राइमरी हेल्थटेक प्राइवेट लिमिटेड, नई दिल्ली के साथ ÷एआई/एमएल एल्गोरिदम द्वारा संचालित किफायती और सुलभ स्वास्थ्य सेवा के लिए आईओटी-सक्षम पॉइंट-ऑफ-केयर रक्त परीक्षण उपकरण÷ नामक परियोजना के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं।

आईआईटी गुवाहाटी के पूर्व छात्र श्री साहिल जगनानी और श्री अंकित चौधरी द्वारा स्थापित, यह कंपनी डॉक्टरों, शोधकर्ताओं, उद्यमियों, प्रोफेसरों और छात्रों की एक बहु-विषयक टीम से उभरी है, जो वंचित आबादी के लिए किफायती नैदानिक तकनीकें विकसित करने के लिए काम कर रही है। उनके सहयोगात्मक अनुसंधान और विकास, जिसे शुरू में बीआईआरएसी का सहयोग प्राप्त था, ने मोबिलैब डिवाइस का निर्माण किया–एक पोर्टेबल, बैटरी से चलने वाला क्लिनिकल केमिस्ट्री एनालाइज़र, आईओटी-सक्षम और एआई/एमएल एल्गोरिदम द्वारा संचालित, जो किडनी, लिवर, हृदय, विटामिन और कैंसर से संबंधित 25 से अधिक मापदंडों का परीक्षण करने में सक्षम है।

कंपनी के पास आईआईटी गुवाहाटी से हस्तांतरित ÷पॉइंट-ऑफ-केयर क्वांटिफिकेशन के लिए एक ट्रांसमिटेंस-आधारित प्रणाली/किट÷ का पेटेंट है और उसने एकीकृत मिक्सर, परख विकास, सेंट्रीफ्यूज और प्रोपराइटरी ऑप्टिकल सिस्टम से संबंधित छह से ज़्यादा अतिरिक्त पेटेंट आवेदन दायर किए हैं। इस उपकरण का 10,000 मरीज़ों पर परीक्षण हो चुका है और हाल ही में इसे सीडीएससीओ से निर्माण लाइसेंस मिला है।

यह परियोजना वर्तमान प्रोटोटाइप (एम1) को उन्नत बनाने पर केंद्रित होगी ताकि एक साथ पाँच परीक्षण किए जा सकें, रोगियों के प्रतीक्षा समय को कम किया जा सके और व्यावसायिक स्तर पर विनिर्माण स्थापित किया जा सके। इस अगली पीढ़ी के मोबिलैब में हीमोग्लोबिन, क्रिएटिनिन, बिलीरुबिन, कोलेस्ट्रॉल, ट्राइग्लिसराइड्स, यूरिक एसिड, ग्लूकोज और जीजीटी जैसे परीक्षण शामिल होंगे। प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड के सचिव, श्री राजेश कुमार पाठक ने इस अवसर पर कहा:

÷ग्रामीण और दूरदराज के क्षेत्रों में गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवा पहुंच सुनिश्चित करना एक राष्ट्रीय प्राथमिकता है। यह परियोजना न केवल सामर्थ्य और पहुंच को संबोधित करती है, बल्कि प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा के लिए स्वदेशी, एआई-संचालित नैदानिक समाधान विकसित करने में देश की क्षमता को भी प्रदर्शित करती है।÷

प्राइमरी हेल्थटेक प्राइवेट लिमिटेड के प्रमोटरों ने आभार व्यक्त करते हुए कहा:

÷प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड का सहयोग प्रयोगशाला नवाचार से लेकर बड़े पैमाने पर तैनाती तक की हमारी यात्रा को गति देगा। मोबिलैब के साथ, हमारा लक्ष्य ग्रामीण और वंचित समुदायों के लिए स्वास्थ्य सेवा की कमी को पूरा करना है, और यह सुनिश्चित करना है कि देश में कहीं भी, देखभाल के बिंदु पर उन्नत निदान उपलब्ध हों।÷

यह सहयोग टीडीबी की आत्मनिर्भर भारत के साथ स्वदेशी स्वास्थ्य सेवा नवाचारों को बढ़ावा देने और वैश्विक स्तर पर सस्ती चिकित्सा प्रौद्योगिकियों में देश की उपस्थिति को आगे बढ़ाने की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

# उद्यम सखी पोर्टल पर 4,535 महिलाओं ने पंजीकरण कराया

## उद्यम सखी पोर्टल महिला उद्यमियों को व्यवसाय शुरू करने, विकसित करने और आगे बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर बनने में मदद करता है।



उद्यम सखी पोर्टल यानी httpsÑ//udyamsakhi.com/ महिला उद्यमियों को सहायता प्रदान करने के लिए बनाया गया है। यह सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय (एमएसएमई) के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्यरत विभिन्न वित्तीय योजनाओं, नीतियों, कार्यक्रमों और सहायक संस्थानों के बारे में जानकारी प्रदान करता है। यह पोर्टल महिला उद्यमियों को व्यवसाय शुरू करने, विकसित करने और आगे बढ़ाने तथा आत्मनिर्भर बनने में मदद करता है।

यह एमएसएमई मंत्रालय की वित्तीय योजनाओं जैसे पीएमईजीपी; सीजीटीएमएसई; मुद्रा; ट्रेड्स आदि से संबंधित जानकारी प्रदान करता है।

एमएसएमई मंत्रालय और अन्य केंद्रीय मंत्रालयों की नीतियाँ और कार्यक्रम।

व्यवसाय योजना तैयार करने की जानकारी। राज्यों में एमएसएमई मंत्रालय के नोडल कार्यालयों/सहायक संगठनों का विवरण।

एमएसएमई मंत्रालय द्वारा आयोजित प्रदर्शनियों, व्यापार मेलों और अंतर्राष्ट्रीय कार्यक्रमों की जानकारी। अब तक कुल 4535 महिलाओं ने पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। वर्ष 2018 में उद्यम सखी पोर्टल के विकास पर 43.52 लाख रुपये खर्च किए गए।

यह जानकारी सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री सुश्री शोभा करंदलाजे ने आज राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में दी।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी आमजनों की समस्याएं, प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण करने के दिए निर्देश






## आज जनदर्शन में 72 आवेदन हुए प्राप्त

जांजगीर-चांपा /

कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से जिले के नागरिकों की समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों को सुना एवं अधिकारियों को जनदर्शन में प्राप्त प्रत्येक आवेदन का प्राथमिकता के साथ त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। जनदर्शन में आज कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए।

आज जनदर्शन में तहसील जांजगीर के ग्राम सिवनी निवासी श्री रामनारायण बरेठ ने उनके पुत्र की मृत्यु पानी में डूबने से होने से मुआवजा हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम जांजगीर को जाँच कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार तहसील बम्हनीडीह के ग्राम अमोदी निवासी श्री मनोहर लाल केवट ने नामांतरण पंजी की प्रमाणित प्रति, अकलतरा तहसील के ग्राम बिरकोनी निवासी शिवकुमारी ने पीएम आवास की किस्त, जांजगीर निवासी श्री दीपांशु लदेर ने दिव्यांग पेंशन तथा ग्राम बनाहिल निवासी श्री सुनील केंवट ने बैटरी चलित सायकल दिलाने संबंधी आवेदन किया। कलेक्टर ने सभी आवेदनों पर संबंधित अधिकारियों को शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार आज जनदर्शन में राशन कार्ड, आर्थिक सहायता सहित अन्य विषयों से संबंधित कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए।

## सुभाष चौबे बने सारागांव थाना प्रभारी




**जांजगीर चांपा** / वर्तमान थाना प्रभारी सावन कुमार सारथी को लाइन हाजिर करते हुए वहां का जिम्मा सुभाष कुमार चौबे को दिया गया है । इसके पहले श्री चौबे यातायात शाखा में पदस्थ थे । इस आशय का आदेश आज पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय द्वारा लिया गया।

# ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर ने जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस परेड में हासिल किया तृतीय स्थान

जांजगीर चांपा /




ज्ञानोदय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जांजगीर की छात्राओं ने जांजगीर स्थित मुख्य परेड ग्राउंड में आयोजित जिला स्तरीय स्वतंत्रता दिवस समारोह के परेड में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान प्राप्त किया है। इन्हें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि राजस्व एवं आपदा प्रबंधन और खेल एवं युवा कल्याण मंत्री टंकराम वर्मा के कर कमलों द्वारा पुरस्कृत किया गया। विद्यालय की इस उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. सुरेश यादव ने छात्राओं, प्रशिक्षकों और सहयोगी शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफ्लता अनुशासन, कड़ी मेहनत और सामूहिक प्रयास का परिणाम है, जो विद्यालय के गौरव को और बढ़ाती है।

विद्यालय की परेड टीम का नेतृत्व कमांडर समृद्धि चौहान ने किया, जिन्होंने अपने अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और जोश से सभी का ध्यान आकर्षित किया। परेड में शामिल अन्य छात्राओं भावना देवांगन ,आस्था यादव भावना यादव, नियति यादव, जानवी प्रधान ,रेशमा कश्यप, कृतिका रोहिदास शिखा यादव आरुषि यादव ,तमन्ना यादव ,श्रेया यादव ,शिफा परवीन हुमेरा प्रवीण ,मुबासरा फातिमा ,तमन्ना यादव ,शिवांगी यादव, हिना यादव ,निधि ताम्रकार ,सृष्टि निराला, तान्या रोतिया ,चित्रांशी यादव ,मयूरी गुरनानी ,गुंजन कंवर, संस्कृति चौहान, वैष्णवी राठौर, खुशी श्रीवास ने भी परेड ताल पर बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपनी प्रतिभा दिखाई। उपस्थित जन समुदाय ने विद्यालय के गाइड दल और उनके प्रयासों की सराहना की। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए भविष्य में और ऊँचाइयाँ हासिल करने का संकल्प लिया। इस उपलब्धि पर गाइड दल के प्रभारी शिक्षक विनोद बरेठ को उनके अनवरत प्रयासों और कर्तव्य निष्ठा के लिए विद्यालय स्तर पर सम्मानित किया गया।

# धारदार हथियार के साथ दो यूवक चढ़े चांपा पुलिस के हत्थे

जांजगीर चांपा




धारदार हथियार के साथ दो यूवक चांपा पुलिस के हत्थे चढ़ा है जिसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है । ज्ञात हो कि पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय आईपीएस ने आगामी त्योहारों के मद्देनज़र क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु तथा असामाजिक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई करने निर्देश दिए हैं । इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कुमार कश्यप एवं एसडीओपी चांपा यदुमणि सिदार के मार्गदर्शन में तथा थाना प्रभारी जयप्रकाश गुप्ता के नेतृत्व में थाना चांपा से एक पुलिस टीम थाना क्षेत्र में पेट्रोलिंग हेतु रवाना किया गया था । इस दौरान पेट्रोलिंग पुलिस टीम ने मुखबिर सूचना पर अलग-अलग स्थानों जिसमें रेलवे ओवरब्रिज के नीचे स्टेशन के पास तथा अग्रसेन चौक कोरबा रोड से दो अलग अलग व्यक्तियों को धारदार हथियार के साथ पकड़ा । दोनों आरोपियों सत्यमदास महंत निवासी चांपा एवं प्रमोद दास महंत निवासी चांपा से धारदार हथियार ज़ब्त किया गया तथा दोनों आरोपियों के विरुद्ध 25,27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई किया जाकर विधिवत गिरफ़्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया । उपरोक्त कार्रवाई में थाना प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, सहायक उपनिरीक्षक बाबूलाल दिवाकर, प्रधान आरक्षक नर्सिंग बर्मन, आरक्षक शंकर राजपूत, मुद्रिका दुबे, संजय साहू, विरेश सिंह का विशेष योगदान रहा

# ग्राम महंत में आध्यात्मिक परंपराओं का निर्वहन सराहनीय –सत्यलता मिरी

## श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर्व का हुआ आयोजन

जांजगीर चांपा /



शक्ति पीठ चण्डी दाई तीरथ धाम ग्राम महंत के समस्त जन कल्याण कारी सार्वजिक कार्यों को हरसंभव पूरा करने हेतु शासन स्तर पर निरंतर प्रयास किया जाएगा , इस हेतु में हर पल ग्राम वासियों के साथ खड़ी रहूंगी । उक्त उदगार जांजगीर चांपा जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता मिरी ने जांजगीर चांपा जिले के नवागढ़ विकास खंड नवागढ़ के ग्राम महंत में आयोजित श्री कृष्ण जन्माष्टमी महापर्व के पावन अवसर मुख्य अतिथि के रूप में पधारकर व्यक्त किए ।

इस अवसर पर उन्होंने सर्वप्रथम सिद्ध शक्ति पीठ चण्डी दाई मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना करते हुए समस्त जन मानस के लोककल्याण हेतु आराधना करते हुए ग्राम महंत की आध्यात्मिक एवं पौराणिक परम्पराओं को प्रणाम किया एवं ग्राम की समस्याओं का संज्ञान लेते हुए ग्राम के आम निस्तारी डोंगिया तालाब ,बंधवा तालाब पहुंच कर निरीक्षण करते हुए ,पौराणिक बावा तालाब ,टूरी तालाब , नावा तालाब एवं बंधाई तालाब के सौंदर्यकरण सहित अनेक विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया। इस अवसर पर ग्राम विकास सेवा समिति के अध्यक्ष देवेश कुमार सिंह ,जिला पंचायत उपाध्यक्ष गगन जयपुरिया , जांजगीर नैला नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती रेखा देवा गढ़वाल ,जिला पंचायत सदस्य लोकेश राठौर ,जनपद सदस्य श्रीमती आरती तिवारी ,ग्राम पंचायत महंत के वरिष्ठ नागरिक ,जनप्रतिनिधि , ग्राम सेमरा सरपंच शिवेंद्र सिंह , तेंदुवा सरपंच अरविंद सिंह ,ग्राम के वरिष्ठ नागरिक ,रामकुमार सिंह ,राधेश्याम सिंह , डॉ राजू परमहंस ,तपेश्वर सिंह आंगेश्वर सिंह , छोटेलाल सोनी ,अवधेश सिंह बनाफर ,योगेश सिंह बनाफर ,लाला पटेल ,दुर्गेश राठौर , श्याम सुंदर सिंह ,ननकी कश्यप ,जलेश्वर सिडार,राजकुमार कश्यप ,विजय सिंह,दुर्गेश सिंह ,विकास सिंह ,सौमित्र सिंह , मोहर साय डिग्रस्कर ,संजीव सिंह ,गजेन्द्र कश्यप , त्रिलोक सिंह , प्रियेश,प्रियांशु ,आशु ,अनिल राठौर उपस्थित थे ।

अतिथियों द्वारा हटवारा चौक स्थित श्री रामलीला मंच पर आचार्य पंडित नंद कुमार मिश्रा के साथ भगवान श्री कृष्ण के बाल गोपाल छवि की पूजा अर्चना एवं महाआरती किया गया तदोपरांत समस्त जनों को छप्पन भोग प्रसाद देर रात्रि तक वितरित किया गया । उक्त अवसर पर कार्यक्रम संचालक आशुतोष सिंह एवं आशीष सिंह द्वारा ग्राम महंत के युवा सदस्यों के साथ समारोह को आकर्षक बनाने, बाल गोपाल ,राधिका रानी झांकी ,मटका फोड़ प्रतियोगिता , सहित भगवान श्री कृष्ण की बाल लीलाओं पर आधारित कार्यक्रम संपादित कराया गया जिसका आनंद देर रात्रि तक उपस्थित जन समूह महिला ,पुरुष , युवा पीढ़ी एवं बच्चों ने लिया।

## 845 नव पदोन्नत प्राचार्यों के पदांकन हेतु 20 से 23 अगस्त तक रायपुर में ओपन काउंसिलिंग

**जांजगीर-चांपा** / छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा प्राचार्य (टी-संवर्ग) के पदोन्नति आदेश जारी कर दिए गए हैं। इन पदोन्नत प्राचार्यों के पदांकन हेतु ओपन काउंसिलिंग का आयोजन 20 अगस्त से 23 अगस्त 2025 तक शासकीय शिक्षा महाविद्यालय परिसर, शंकर नगर रायपुर में किया जाएगा। इस काउंसिलिंग में कुल 845 नव पदोन्नत प्राचार्य शामिल होंगे। काउंसिलिंग का समय प्रतिदिन प्रातः 10 बजे से निर्धारित है। प्रत्येक दिन प्रथम पाली में 150 और द्वितीय पाली में 150 इस प्रकार प्रत्येक दिन कुल 300 अभ्यर्थियों को काउंसिलिंग में शामिल किया जाएगा। काउंसिलिंग की तिथि एवं समय की जानकारी पदोन्नत प्राचार्यों की सूची तथा रिक्त पदों की सूची स्कूल शिक्षा विभाग की वेबसाइट https//eduportal.cg.nic.in/ पर उपलब्ध कराई गई है। काउंसिलिंग प्रक्रिया में प्राथमिकता का निर्धारण वरिष्ठता और नियमावली के अनुसार किया जाएगा। व्याख्याता, व्याख्याता एल.बी., प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला के पदोन्नति आदेश के लिए काउंसिलिंग हेतु प्राथमिकता निर्धारण (प्रथम चार का क्रम निर्धारण) व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.), प्रधानपाठक पूर्व माध्यमिक शाला की वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति आदेश के सरल क्रमांक के अनुसार एक अनुपातिक सूची (व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.) प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला) 2:1:1 में तैयार की गई है।

## स्कूल खुलते ही निरीक्षण करने पहुंचें विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी



**लोकशक्ति। पामगढ़** – विकास खण्ड शिक्षा अधिकारी पामगढ़ एम. एल.कौशिक स्कूल खुलते की शासकीय प्राथमिक शाला रामगढ़ मोहल्ला पामगढ़ का औचक निरीक्षण किया जहाँ बच्चों व शिक्षक के साथ प्रार्थना में शामिल हुए बच्चे रोज की तरह रिकाडिंग के साथ राष्ट्र गान, राज गीत,प्रार्थना गीत गायेद्य शाला भवन की रख - रखाव, साफ -सफाई संतोषजनक पाए गए, शाला में दो शिक्षक कार्यरत है दोनों उपस्थित मिले, एक पेड़ माँ का नाम, जवाहर नवोदय विद्यालय प्रवेश परीक्षा फार्म,शिक्षक दैनंदिनी एवं एफएल एन आदी पर कार्य किया जा रहा हैद्य प्रधान पाठक मनमोहन अनंत के द्वारा शाला के सभी बच्चों को स्वयं के ब्यय से टाई बेल्ट वितरण किया गया है। जिसकी वि. खं. शिक्षा अधिकारी ने सराहना किया ।

## पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश के प्रयास से पांच सड़क निर्माण कार्य के लिए साढ़े चौदह करोड़ की मिली स्वीकृति



**जांजगीर चांपा।** पामगढ़ विधायक श्रीमती शेषराज हरवंश के प्रयास से क्षेत्र के पांच सड़क निर्माण कार्य के लिए 14 करोड़ 62 लाख की प्रशासकीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। ज्ञात हो कि विधानसभा बजट सत्र 2024-25 के दौरान विधानसभा पामगढ़ के विभिन्न प्रमुख मार्गो के निर्माण के लिए अनुशंसा पत्र विधायक शेषराज हरवंश के द्वारा लोक निर्माण विभाग के मंत्री अरूण साव को प्रेषित किया गया था। इसमें बेल्हा से कुरियारी मार्ग पर कंजी नाला पर उच्च स्तरीय पुल एवं पहुंच मार्ग के लिए 428.55 लाख,नेवराबंद से बारगांव मार्ग लंबाई 2.90 किलोमीटर के लिए

394.92 लाख, लोहर्सी से खोरसी महानदी मार्ग लंबाई 3.11 किलोमीटर के लिए 362.47 लाख, झिलमिली नहर पार होते हुए भैंसों तक मार्ग लंबाई 0.70 किलोमीटर के लिए 89.65 लाख एवं मुड़पार ब से मुरली गांव तक मार्ग, लंबाई 1.40 किलोमीटर के लिए 187.09 लाख की राशि स्वीकृति की गई है।

इन कार्यों की स्वीकृति बजट में दी जा चुकी थी किन्तु प्रशासकीय स्वीकृति जारी नही हुई थी। लोक निर्माण विभाग के अपर सचिव ने 14 अगस्त 2025 को उक्त कार्य की विधिवत् प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। क्षेत्र के विभिन्न बहुप्रतिक्षित सड़क निर्माण कार्यों की स्वीकृति मिलने से क्षेत्रवासियों में हर्ष है तथा उन्होंने विधायक शेषराज हरवंश के प्रति आभार प्रकट किया है।

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की बैठक

# कलेक्टर ने ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा देने के दिए निर्देश




**जांजगीर-चापा** / कलेक्टर श्री जन्मेजय महोबे ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय सीमा की बैठक ली। उन्होंने बैठक में सभी संबंधित विभागों को निर्माण कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रत्येक निर्माण कार्य की सतत् निगरानी करने तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि रजत जयंती वर्ष 15 अगस्त 2025 से 31 मार्च 2026 तक आयोजित किया जा रहा है। जिसमें शासन की उपलब्धियों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से प्रदर्शित किया जाएगा। उन्होंने शासन के निर्देशानुसार सभी विभागों को विभिन्न कार्यक्रमों, शिविर, वर्कशॉप आयोजित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने अधिकारियों को छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के दौरान प्रत्येक विभाग को ग्राम, शहर व जिले स्तर पर कार्यक्रमों का आयोजन बड़े पैमाने पर आयोजित करने के निर्देश दिए। इस दौरान जनता को लाभ पहुँचाने वाली योजनाओं और गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विशेष अभियान चलाकर एग्रीस्टैक में किसानों का पंजीयन किया जाए। उन्होंने एग्रीस्टैक के तहत लगाए जा रहे शिविर का भ्रमण करते हुए निरीक्षण करने तथा वहां की गतिविधियों की समीक्षा करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने सभी एसडीएम को जर्जर शाला, आंगनबाड़ी केन्द्र के डिसमेंटल के लिए प्राप्त प्रस्तावों पर शीघ्र अनुमति देने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना से संबंधित प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं पारदर्शी निराकरण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत संचालित हितग्राहीमूलक एवं कृषि आधारित कार्यों को प्राथमिकता के साथ स्वीकृत किया जाए। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के माध्यम से ग्रामीणों को स्थायी आजीविका का आधार उपलब्ध हो सकेगा।

कलेक्टर ने बैठक के दौरान स्कूल भवनों के मरम्मत कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने आरईएस, संबंधित जनपद सीईओ को निर्धारित समय-सीमा के भीतर प्राथमिकता के साथ पूर्ण करने एवं कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों की सुविधाओं एवं शिक्षा के हित में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे पौधारोपण कार्यों की जानकारी समय-सीमा में प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत सतत रूप से पौधरोपण किया जाए और पौधों का विस्तृत जानकारी नियमित रूप से भेजा जाए। कलेक्टर ने ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा देने के निर्देश सहायक संचालक उद्यानिकी को दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को ऑयल पाम की खेती के लिए प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही उन्हें तकनीकी सहायता और प्रशिक्षण भी प्रदान करें। कलेक्टर ने इस दौरान सामुदायिक शौचालयों के उपयोग पर जोर दिया। उन्होंने खाद-बीज वितरण, अटल मॉनिटरिंग पोर्टल, ई-ऑफिस की प्रगति तथा मवेशियों को लगाए जा रहे रेडियम बेल्ट, टैंगिंग, टीकाकरण संबंधी जानकारी ली। इस दौरान अपर कलेक्टर श्री ज्ञानेन्द्र सिंह ठाकुर, श्री आर.के. तंबोली सहित जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## खास खबर



### दोस्ती पर चाकू से हमला, फरार गोवर्धन कंवर गिरफ्तार

कोरबा संवाददाता।

**जिला** कोरबा के थाना हरदीबाजार क्षेत्र में एक जघन्य घटना को अंजाम देने वाले आरोपी गोवर्धन कंवर (22 वर्ष) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी ने दिनांक 02 जून, 2025 को अपने ही दोस्त राहुल पटेल पर चाकू से हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया था।

घटना का विवरण- प्रार्थी राकेश कुमार पटेल द्वारा थाना हरदीबाजार में दर्ज कराई गई रिपोर्ट के अनुसार, घटना के दिन राहुल पटेल और आरोपी गोवर्धन कंवर के बीच तालाब के पास बैठकर बातचीत के दौरान विवाद हो गया। आरोपी ने राहुल को गाली-गलौज दी और उसे जान से मारने की धमकी दी। जब राहुल ने विरोध किया, तो गोवर्धन वहां से चला गया, लेकिन कुछ देर बाद चाकू लेकर वापस आया और उसने राहुल के गले और हाथ पर जानलेवा हमला कर दिया। राहुल के चिल्लाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और उसे अस्पताल ले गए।

### एनकेएच ग्रुप ऑफहॉस्पिटल्स में स्वतंत्रता दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया

कोरबा । 79वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर न्यू कोरबा ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स (एनकेएच) में ध्वजारोहण एवं देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रातः 9 बजे ग्रुप डायरेक्टर डॉ. एस. चंदानी एवं वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. शंकर पालीवाल ने तिरंगा फहराया। राष्ट्रगान के बाद सुरक्षा गार्ड ने सलामी दी और शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर डॉ. नगेंद्र बागरी, डॉ. अविनाश सिंग, डॉ. अनिल अरोरा, डॉ. मनीष गोयल, डॉ. संजय अग्रवाल सहित सभी वरिष्ठ चिकित्सक मौजूद रहे। वहीं एडमिन स्टाफसे रुना रागिनी, राजेश चंदानी, अंकिता चक्रवर्ती, नाहिदा परवीन के साथ क्लिनिकल, नॉन-क्लिनिकल, पैरामेडिकल, एडीसी स्टाफ एनकेएच बालाजी ब्लड बैंक स्टाफ मेडजोन स्टाफएवं रोटरी क्लब के सदस्य बड़ी संख्या में कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम की शुरुआत भारत माता की पूजा से हुई। इसके बाद ध्वजारोहण कर गुब्बारे आकाश में छोड़े गए। विशेष पहल के तहत एनकेएच ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स और रोटरी क्लब ने मिलकर टीबी मरीजों को फूड हैम्पर व स्वतंत्रता दिवस की मिठाई वितरित की। डॉ. एस. चंदानी ने कहा कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के बलिदान से हमें प्रेरणा लेकर जीवन में नैतिक मूल्यों और चरित्र का निर्माण करना चाहिए। उन्होंने घोषणा की कि आजादी के महोत्सव पर बुजुर्गों के लिए निरूशुल्क होम चेकअप सेवा 31 अगस्त तक उपलब्ध रहेगी, जो कोरबा शहर से 10 किलोमीटर क्षेत्र तक लागू होगी। एनकेएच ग्रुप ऑफहॉस्पिटल्स ने पुनः समाज सेवा और स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्टता के संकल्प को दोहराया।

# खाद की मांग को लेकर किसान सड़क पर बैठे: चक्काजाम किया

संवाददाता।




छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले में खाद की कमी को लेकर सोमवार को किसानों ने रायगढ़-खरसिया मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान किसानों ने जमकर नारेबाजी की और जल्द से जल्द खाद उपलब्ध कराने की मांग की। आंदोलन करीब 2 से 3 घंटे तक चला। जानकारी के मुताबिक, खरसिया विकासखंड की गोर्रा सोसायटी में लगभग 300 किसान रजिस्टर्ड हैं, लेकिन लंबे समय से यहां खाद की समस्या बनी हुई है। इसी को लेकर गोर्रा, कुर्मापाली, जामपाली, टेका, पचेडा, अमलीडीह, रईतरई, बुलाटी सहित आसपास के गांवों के किसान सड़क पर उतर आए। किसानों ने रायगढ़-खरसिया रोड पर चक्काजाम कर दिया। आंदोलन की सूचना पर प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार मौके पर पहुंचीं और किसानों को जल्द खाद उपलब्ध कराने का आश्वासन दिया। इसके बाद किसानों ने चक्काजाम समाप्त कर दिया।

खाद की मांग को लेकर ग्रामीणों ने जमकर नारे लगाए । गोर्रा सोसायटी से जुड़े गांवों के किसान जब खाद की कमी को लेकर रायगढ़-खरसिया मार्ग पर चक्काजाम कर रहे थे, उसी समय चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव पास ही एक दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। रास्ते में जब उन्होंने किसानों का प्रदर्शन देखा, तो वे भी मौके पर पहुंच गए और आंदोलन में शामिल हो गए। विधायक ने भी किसानों की मांग का समर्थन करते हुए खाद की समस्या को जल्द दूर करने की मांग की।

तुरेकेला सोसायटी के बाहर किसानों ने अपना विरोध प्रदर्शन किया खरसिया विकासखंड की तुरेकेला सोसायटी में किसानों ने खाद की कमी को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। किसानों का कहना है कि उन्हें समय पर खाद नहीं मिल रहा है, जिससे फसल खराब होने की नौबत आ रही है।

किसानों ने प्रशासन से तुरंत खाद की उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग की है। साथ ही उन्होंने ब्लैक मार्केटिंग पर सख्त कार्रवाई की भी मांग की, ताकि जरूरतमंद किसानों को समय पर खाद मिल सके। किसानों का कहना है कि अगर जल्द समाधान नहीं हुआ, तो वे आंदोलन तेज करेंगे।

### कराटे चैंपियंस ने राष्ट्रीय मंच पर लहराया परचम, 5 पदक जीतकर किया कोरबा जिले का नाम रोशन



कोरबा

तालकटोरा इंडोर स्टेडियम में 08 से 10 अगस्त 2025 तक आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता स्वतंत्रता कप में छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के खिलाड़ियों ने अपने दमदार प्रदर्शन से सबका ध्यान खींचा। लेवल अप एमएमए अकादमी, कोरबा के खिलाड़ियों ने शानदार खेल कौशल और जज्बे का परिचय देते हुए कुल 5 पदक अपने नाम किए और राष्ट्रीय मंच पर जिले का गौरव बढ़ाया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में देशभर से सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। ऐसे में कोरबा के खिलाड़ियों की आक्रामक खेल शैली, तकनीकी निपुणता और अनुशासन ने निर्णायकों और दर्शकों को प्रभावित किया। यह सफलता एनआईएस कोच प्रेमराज बंजारे के नेतृत्व और जिला कराटे डू स्पोर्ट्स एसोसिएशन कोरबा के अध्यक्ष अविनाश बंजारे के मार्गदर्शन में संभव हुई।

## घटिया निर्माण की पोल खुली, बिलासपुर-मस्तूरी के किसान अब भी सिंचाई को तरस रहे

**बिलासपुर** बलासपुर जिले के मस्तूरी विकासखंड के पचपेड़ी क्षेत्र में किसानों को सिंचाई सुविधा देने के लिए 2013 में भरारी एनीकट और नहर निर्माण का काम शुरू किया गया था. 60 करोड़ रुपए की लागत से यह परियोजना तैयार हुई. दावा किया गया था कि आठ गांवों की 2200 हेक्टेयर भूमि को पानी मिलेगा और किसानों की जिंदगी बदल जाएगी. लेकिन 12 साल बीत जाने के बाद भी आज तक खेतों तक पानी नहीं पहुंच पाया. घटिया निर्माण और लापरवाही का नतीजा यह रहा कि नहर बार-बार टूटती रही, मरम्मत के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति हुई और किसान नुकसान झेलते रहे.

निर्माण की कहानी और अधूरा वादा

ग्राम पंचायत भरारी में 2013 में एनीकट निर्माण की शुरुआत हुई. 40 करोड़ रुपए नहर और एनीकट पर खर्च हुए, जबकि 20 करोड़ रुपए भूमि अधिग्रहण के बदले मुआवजा किसानों को दिया गया. योजना 2020 तक पूरी होनी थी, लेकिन 2022 में जाकर इसका काम खत्म हुआ.

**नहर बार-बार टूटी, किसानों का भरोसा टूटा**



बिनौरीडीह के पास सितंबर 2019 में पहली बार नहर टूटी. मरम्मत के बाद अगस्त 2022 में वही नहर फिर से टूट गई. किसान राजेंद्र बंजारे बताते हैं कि उनकी तीन एकड़ धान की फसल पानी में बह गई, लेकिन आज तक मुआवजा नहीं मिला.

**घटिया निर्माण पर सवाल**

ग्रामीणों का कहना है कि नहर की टूट-फूट प्राकृतिक आपदा नहीं, बल्कि घटिया निर्माण का नतीजा है. उनका आरोप है कि एक ही जगह दो बार नहर टूटने के बाद भी मजबूत निर्माण नहीं किया गया.

बोहारडीह, सोंनसरी, सोन, बसंतपुर, अमलडीहा, उदईबन और बिनौरीडीह समेत आठ गांवों की 2200 हेक्टेयर भूमि आज भी पानी से वंचित है. ग्रामीणों ने कई बार विभागीय अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से शिकायत की, लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया.

### बिलासपुर के द्रोबड़ में आसमानी गिरने से चार मवेशियों की मौत, महिला घायल



**संवाददाता।** उपमंडल सदर की द्रोबड़ पंचायत में आसमानी बिजली गिरने से चार मवेशियों की मौत हो गई, जबकि एक महिला भी घायल हो गई। महिला का उपचार जिला अस्पताल में चल रहा है। द्रबोड़ गांव की उमा देवी पत्नी संजय रविवार दोपहर को मवेशियों को पानी पिलाने और चारा डालने के लिए घर के पास ही स्थित अपनी गोशाला गई। मवेशियों को बाहर बांधा हुआ था। इसी बीच आसमानी बिजली गिरी, जिससे भूराराम और उनके भाई की दो भैंसे और दो बकरियों की मौत हो गई। उमा देवी भी घायल हो गई। उनकी बाजू में चोट आई है। बिजली गिरने की आवाज सुनकर परिजन गोशाला पहुंचे। उन्होंने उमा देवी को निजी कार से अस्पताल पहुंचाया। उधर, घटना के बाद खारसी चौकी से पुलिस टीम मौके पर पहुंची है। स्थानीय पशु चिकित्सालय से भी डॉक्टर पहुंचे। पीड़ितों को करीब दो लाख रुपये के पशुधन का नुकसान हुआ है।

### यात्रियों से भरी शमीम बस सड़क किनारे उतरी, मची चीख-पुकार, बड़ा हादसा टला



रायगढ़।

रविवार की सुबह रायगढ़-अंबिकापुर रूट पर बड़ा हादसा टल गया, जब यात्रियों से भरी एक बस सड़क किनारे गड्ढे में फंस गई। सामने से आ रही पिकअप को साइड देने के प्रयास में चालक का संतुलन बिगड़ गया और बस सड़क छोड़कर नीचे उतर गई। घटना के दौरान बस में अफरा-तफरी का माहौल बन गया और यात्री घबराकर चीख-पुकार मचाने लगे। गनीमत रही कि बस खाई में नहीं गिरी, वरना गंभीर हादसा हो सकता था। हादसे के बाद सभी यात्रियों को सुरक्षित दूसरी बस से उनके गंतव्य की ओर रवाना कर दिया गया। वहीं कुछ देर बाद हाईड्रा मशीन की मदद से बस को बाहर निकाला गया।

## सरकारी जमीन पर बने अवैध चर्च पर चला बुलडोजर...

एजेंसी



बिलासपुर जिले में अवैध निर्माण पर बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रशासन ने एक विवादित भवन को जमींदोज कर दिया। जानकारी के अनुसार, यह भवन सरकारी जमीन पर बिना अनुमति के बनाया गया था और इसे चर्च के रूप में उपयोग किया जा रहा था। हाल ही में यहां प्रार्थना सभा के बहाने धर्मांतरण गतिविधियाँ संचालित होने की शिकायत सामने आई थी।

हिंदू संगठनों की आपत्ति और शिकायत के बाद पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने मौके पर जांच की। जांच में भवन का निर्माण अवैध पाया गया। इसके बाद प्रशासन ने बुलडोजर चलाकर इस अवैध चर्च को ध्वस्त कर दिया। कार्रवाई के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया था।

स्थानीय लोगों का कहना है कि इस भवन में लंबे समय से प्रार्थना सभा के नाम पर गुपचुप धर्मांतरण की कोशिशें हो रही थीं। कई बार सवाल उठने के बावजूद अब जाकर प्रशासन ने निर्णायक कदम उठाया।

कार्रवाई के बाद हिंदू संगठनों ने प्रशासन और पुलिस की सराहना की और कहा कि ऐसे अवैध निर्माण और गतिविधियों पर सख्त रोक लगना जरूरी है। वहीं प्रशासन ने साफ किया कि सरकारी जमीन पर किसी भी तरह का अवैध कब्ज़ा या निर्माण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

इस कार्रवाई से इलाके में चर्चा का माहौल है और लोग इसे प्रशासन की सख्ती का बड़ा उदाहरण मान रहे हैं।

# मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा ने किया मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन

बिलासपुर संवाददाता




छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण में सोमवार को न्यायिक अधिकारियों और अधिवक्ताओं के लिए आयोजित 40 घंटे के व्यापक मध्यस्थता प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ रमेश सिन्हा, मुख्य न्यायाधिपति, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं मुख्य संरक्षक, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति संजय के अग्रवाल, न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं कार्यपालक अध्यक्ष, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण तथा न्यायमूर्ति पार्थ प्रतीम साहू, न्यायाधीश, छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय एवं अध्यक्ष, मध्यस्थता केंद्र निगरानी समिति भी उपस्थित रहे।

मुख्य न्यायाधिपति सिन्हा ने अपने उद्बोधन में कहा कि मध्यस्थता विवादों के त्वरित एवं सौहार्दपूर्ण समाधान का प्रभावी माध्यम है। यह न केवल न्यायालयों के बोझ को कम करता है बल्कि पक्षकारों को संतोषजनक परिणाम भी प्रदान करता है। उन्होंने बताया कि छत्तीसगढ़ में अब तक 709 मामलों का सफल निपटारा मध्यस्थता के माध्यम से किया जा चुका है, जो इसकी बढ़ती स्वीकार्यता और प्रभावशीलता को दर्शाता है।

उन्होंने यह भी कहा कि 40 घंटे का यह प्रशिक्षण कार्यक्रम, मध्यस्थता की प्रक्रिया, नैतिकता और व्यावहारिक पक्षों की गहन समझ प्रदान करेगा। इसमें प्रतिभागियों को वास्तविक मामलों का अध्ययन एवं भूमिका निर्वहन का अभ्यास कराया जाएगा, जिससे उनकी दक्षता में वृद्धि होगी।

उद्घाटन सत्र में न्यायमूर्ति अरविंद कुमार ओझा, न्यायमूर्ति भूपेन्द्र सिंह चौहान, न्यायमूर्ति वर्मेंद्र फड़नीस, अधिवक्ता परिषद मध्यप्रदेश के अध्यक्ष प्रफुल्ल भारत, मध्यस्थता प्रशिक्षक श्रीमती गिरीजाकला सिंह एवं श्रीमती नीलम खरे सहित बड़ी संख्या में न्यायिक अधिकारी, अधिवक्ता, रजिस्ट्रार जनरल और राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के पदाधिकारी उपस्थित रहे।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 18 से 22 अगस्त तक आयोजित होगा, जिसमें प्रतिभागियों को मध्यस्थता कौशल का विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस पहल से छत्तीसगढ़ में वैकल्पिक विवाद समाधान तंत्र को नई मजबूती मिलेगी।

### विकसित भारत' विजन के साथ बालको ने धूमधाम से मनाया 79वां स्वतंत्रता दिवस

**कोरबा संवाददाता।** वेदांता समूह की कंपनी भारत एल्यूमिनियम कंपनी लिमिटेड (बालको) ने कर्मचारियों एव बिजनेस पार्टनर की उपस्थिति में 79वां स्वतंत्रता दिवस का जश्न मनाया। बालको प्रबंधन ने समारोह में राष्ट्र निर्माण में स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को याद करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक श्री राजेश कुमार ने प्रशासनिक भवन परिसर में ध्वजारोहण कर कार्यक्रम की शुरुआत की। राष्ट्रगान के उपरांत उन्होंने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए 'विकसित भारत' के विजन के प्रति बालको की प्रतिबद्धता पर प्रकाश डाला बालको कर्मचारियों के निरंतर श्रेष्ठ कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। भारत की विकास गाथा में कंपनी के योगदान के पर बोलते हुए श्री राजेश कुमार ने कहा कि हम 79वें स्वतंत्रता दिवस का जश्न मना रहे हैं। करीब छह दशकों से बालको देश के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। बालको के योगदान से राज्य में हजारों करोड़ रुपए के व्यावसायिक अवसर निर्मित हुए। सीईओ ने अपने वक्तव्य में कहा कि हम परिचालन उत्कृष्टता की दिशा में समर्पित प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत का सपना साकार करें। हमने अपने प्रत्येक प्रचालन में बालको ने 'शून्य क्षति, शून्य अपशिष्ट, शून्य उत्सर्जन' की नीति का पालन सुनिश्चित किया है।



सीएम साय से राष्ट्रपति सम्मान से सम्मानित देवाशीष और मनतृप्त कौर ने की सौजन्य मुलाकात, मुख्यमंत्री ने दी बधाई

## मुख्यमंत्री साय ने राज्यपाल से की मुलाकात, मंत्रीमंडल विस्तार की चर्चा तेज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज शाम अचानक राजभवन पहुंचे और राज्यपाल रमेन डेका से मुलाकात की। इस मुलाकात के बाद साय कैबिनेट के विस्तार की चर्चा और तेज हो गई है। बताया जाता है कि कैबिनेट विस्तार की तारीख तय हो गई है तथा मुख्यमंत्री ने राज्यपाल को शपथ लेने वाले मंत्रियों के नाम दे दिए हैं।बता दें कि आज ही सुबह सीएम विष्णुदेव साय ने मीडिया से चर्चा में कहा था कि इंतजार करिए, जल्द ही विस्तार होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मंत्रिमंडल का विस्तार उनके विदेश दौरे से पहले भी हो सकता है।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 22 अगस्त से पहले विदेश दौरे पर जा रहे हैं, इसके पहले मंत्रिमंडल में विस्तार को लेकर भाजपा हाईकमान ने मंजूरी दे दी है। कहा जा रहा है कि 18 अगस्त से पहले मंत्रिमंडल का विस्तार होगा, जिसमें तीन नए मंत्रियों को शामिल किया जाएगा। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने हाल ही में अपनी दिल्ली यात्रा से वापसी के बाद इस बात का संकेत भी दिया था। उन्होंने मीडिया से चर्चा में कहा था कि अब इंतजार खत्म होने वाला है, मंत्रिमंडल का विस्तार जल्द हो जाएगा। जानकारी के अनुसार मंत्रीमंडल में आरंग सीट से विधायक व सतनामी समाज के गुरू खुशवंत साहेब, अंबिकापुर से वरिष्ठ कांग्रेस नेता टीएस सिंहदेव को हराने वाले विधायक राजेश अग्रवाल तथा आरएसएस बैकग्राउंड से आने वाले दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव के शामिल होने की चर्चा है।

## स्किल डेव्हलपमेंट से जुड़कर जशपुर अंचल की बेटियां बन रही हैं आत्मनिर्भर







**जशपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की पहल पर राज्य में युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने के लिए स्किल डेव्हलपमेंट के कई नवीनतम कोर्स संचालित किए जा रहे है। जशपुर के नवगुरूकुल शिक्षण संस्थान में स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम से जुड़ने की इच्छुक युवतियों को बिजनेस एवं टेक्नोलॉजी जैसे क्षेत्रों में निःशुल्क आवासीय प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। यहां आनी वाली युवतियों को हॉस्टल, भोजन एवं लैपटॉप जैसी आवश्यक सुविधाएँ भी उपलब्ध कराई जा रही हैं, जिससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियाँ भी आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो सकें। कुनकुरी की कुमारी नेहा खाखा ने 12वीं उत्तीर्ण करने के बाद जशपुर के नवगुरूकुल शिक्षण संस्थान में प्रवेश परीक्षा पास कर फाइनेंस स्किल प्रोग्राम जॉइन किया। एक वर्ष के अध्ययन उपरांत आज वे इसी संस्थान में एसोसिएट टीचर के रूप में कार्यरत हैं और प्रतिमाह 15 हजार रुपए का वेतन प्राप्त कर रही हैं। वे कहती हैं कि नवगुरूकुल ने मेरी जिंदगी की दिशा बदल दी। यहाँ आकर मैंने एआई फीचर और गूगल शीट जैसे आधुनिक टूल्स को सीखा। आज मैं न सिर्फ खुद आत्मनिर्भर हूँ बल्कि अन्य छात्राओं को पढ़ाकर उन्हें भी आगे बढ़ा रही हूँ।पत्थलगाँव की कुमारी वृंदावती यादव ने प्रोग्रामिंग स्कूल जॉइन किया। 15 माह के कोर्स उपरांत वे आज पार्ट-टाइम इंटर के रूप में कार्य कर रही हैं और प्रतिमाह 13 हजार रुपए कमा रही हैं। मुझे लगा था कि आर्थिक स्थिति के कारण मैं आगे नहीं बढ़ पाऊँगी, आज मैं पढ़ाई के साथ काम कर रही हूँ और खुद को तकनीकी रूप से सक्षम महसूस करती हूँ। बगीचा की कुमारी उषा यादव को बचपन से ही डिजाइनिंग का शौक था, परंतु पारिवारिक आर्थिक स्थिति के कारण वे ग्राफिक्स डिजाइनिंग का कोर्स नहीं कर पाईं। उन्होंने निःशुल्क ग्राफिक्स डिजाइनिंग सीखी अब मैं बिजनेस की पढ़ाई कर रही हूँ और आगे खुद का स्टार्टअप शुरू करने का सपना देख रही हूँ।

# छत्तीसगढ़ रजत जयंती वर्ष 2025, राजधानीवासियों को लुभा रही जनसंपर्क विभाग की छायाचित्र प्रदर्शनी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य की रजत जयंती वर्ष पर राजधानी के टाउन हॉल में जनसंपर्क विभाग द्वारा लगायी गई छायाचित्र प्रदर्शनी राजधानीवासियों को लुभा रही है। इस प्रदर्शनी में केबीसी के तर्ज पर यहां क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित की जा रही है। युवा इसमें उत्साह के साथ हिस्सा लें रहे हैं। छायाचित्र प्रदर्शनी में छत्तीसगढ़ की परंपराओं, स्वतंत्रता संग्राम के इतिहास, छत्तीसगढ़ के पुरोधाओं का जीवन परिचय और उनका स्वतंत्रता संग्राम में अमूल्य योगदान तथा राज्य निर्माण की यात्रा से जुड़ी कई दुर्लभ तस्वीरें प्रदर्शित की गई हैं। साथ ही डिजिटल स्क्रीन पर स्लाइड शो भी के माध्यम से भी छत्तीसगढ़ सरकार की उपलब्धियों प्रदर्शित की जा रही है।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने स्वतन्त्रता दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ के स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के जीवन पर आधारित छायाचित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। इस छायाचित्र प्रदर्शनी में प्रगति पथ पर छत्तीसगढ़, प्रधानमंत्री आवास योजना, कृषक उन्नति योजना, महतारी वंदन



योजना, विष्णु का सुशासन-संवाद से समाधान तक, सुशासन तिहार छत्तीसगढ़ अंजोर, राज्य का प्रथम आदिवासी संग्रहालय, स्वर्णिम भविष्य की राह, औद्योगिक नीति, नई शिक्षा नीति से भविष्य उज्ज्वल, वनांचल मा समृद्धि के आधार हमर हरा सोना जैसी लोककल्याणकारी योजनाओं की जानकारी और छत्तीसगढ़ राज्य की उपलब्धियों को भी प्रदर्शित किया गया है।

21 अगस्त तक चलने वाली यह सात दिवसीय प्रदर्शनी प्रातः 10.30 से रात्रि 8 बजे तक आम लोगों के लिए निःशुल्क खुली रहेगी।

जे.आर. दानी गर्ल्स हायर सेकेंडरी स्कूल की छात्राओं के दल ने आज प्रदर्शनी का अवलोकन किया और क्विज में हिस्सा भी लिया। इस दौरान कु. सरिता यादव, कु. कशिश श्रीवास, कु. हेमा पटेल और कु. छाया लालवानी ने कहा कि प्रदर्शनी रोचक और ज्ञानवर्धक है। प्रदर्शनी में आगंतुकों के लिए छत्तीसगढ़ के इतिहास और सामान्य ज्ञान पर आधारित क्विज प्रतियोगिता भी आयोजित किया जा रहा है, जिसमें रायपुर के विभिन्न स्कूलों और छात्रावासों के बच्चों ने इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं और छत्तीसगढ़ के सामान्य ज्ञान से संबंधित प्रश्नों का उत्तर दे रहे हैं और क्विज के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार भी वितरित किया जा रहा है। इस प्रदर्शनी देखने आए प्राचार्य डॉ. हितेश कुमार देवांगन, व्याख्याता श्रीमती योगिता चंद्रवंशी, संकुल समन्वयक श्री खोमेश्वर राम देवांगन, व्याख्याता श्रीमती मीना भारद्वाज, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी परिवार के डॉ. भीष्म सोनकर सहित अनेक लोगों ने भी इस आयोजन की सराहना की और विजिटर्स बुक में अपने अनुभव और सुझावों को साझा किया।

## कोण्डागांव मुठभेड़ को कांग्रेस ने बताया फर्जी : बनाई सात सदस्यीय जांच समिति

**रायपुर ।** कोण्डागांव जिले के केशकाल विधानसभा क्षेत्र के कोहकामेटा जंगल में हाल ही में हुई मुठभेड़ को लेकर प्रदेश में राजनीतिक माहौल गरमा गया है। कांग्रेस पार्टी ने इस घटना को फर्जी मुठभेड़ करार देते हुए गहरी चिंता जताई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज ने सात सदस्यों की एक जांच समिति गठित की है। इस समिति की अगुवाई पूर्व मंत्री मोहन मरकाम करेंगे।

## 9 माह की बच्ची ने कैरेत सांप को चबा डाला, सांप की मौत, बच्ची सुरक्षित

**जगदलपुर ।** बस्तर जिले के कोयेनार गांव से हैरत अंगेज खबर सामने आई है, जहां नौ माह की एक बच्ची ने जहरीले सांप को चबा डाला। सांप की तो मौत हो गई, लेकिन बच्ची सकुशल है। बस्तर जिले के परपा थाना अंतर्गत ग्राम कोयेनार में बीमार मां खाट पर आराम कर रही थी। सारे परिजन खेत में काम करने गए थे। 9 माह की बच्ची मानवी अपनी मां के साथ घर में थी। इसी दौरान अति जहरीला करैत सांप घर में निकलआया। मानवी सांप को पकडकर चबाने लगी। वह सांप को तब तक चबाती रही, जब तक कि वह मर नहीं गया। सांप की तो मौत हो गई, वही बच्ची सुरक्षित है। जब मां ने जब यह नजारा देखा तो उसके होश उड़ गए। उसने तुरंत परिजनों को सूचना दी।खेत से दौड़ते भागते आए परिजनों ने मानवी को अस्पताल पहुंचाया, जहां उसे एंटी वेनम का डोज इंजेक्ट किया गया और 24 घंटे तक ऑब्जर्वेशन में रखा गया। इसके बाद बाद बच्ची को छुट्टी दे दी गई। बताया जा रहा है कि परपा थाना क्षेत्र के ग्राम कोयेनार में रहने वाले पप्पू कश्यप की छोटी बेटी मानवी 13 अगस्त को अपनी मां दीपिका के साथ घर में थी। दीपिका ने मानवी को कमरे में ही खेलने के लिए छोड़ दिया था। बच्ची ने खेलने के दौरान अचानक दरवाजे के पीछे एक करैत सांप को देखा।

## छत्तीसगढ़ में कल से बन रहा मानसून का नया सिस्टम, मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

**रायपुर ।** बंगाल की खाड़ी में बन रहे निम्न दाब का प्रभाव एक बार फिर छत्तीसगढ़ के मानसून पर पड़ेगा। प्रदेश में 18 अगस्त से भारी बारिश की संभावना जतायी जा रही है। पिछले कुछ दिनों से छत्तीगढ़ के मध्य इलाके में बढ़े तापमान और गर्मी से लोगों को परेशानी हो रही है। हालांकि राज्य दुर्ग, बस्तर और सरगुजा संभाग के अधिकांश इलाकों में हल्की बारिश हो रही है। वहीं अब मौसम विभाग का अनुमान है कि आने वाले दिनों में एक बार फिर प्रदेश में झमाझम बारिश हो सकती है।



मौसम विभाग की ताज़ा जानकारी ने उम्मीद जगाई है। बंगाल की खाड़ी में 18 अगस्त के आसपास नया निम्न दाब का क्षेत्र बनने की संभावना जताई गई है, जिसके प्रभाव से अगले तीन-चार दिनों तक झमाझम बारिश हो सकती है। मौसम विभाग के अनुसार, प्रदेश के अन्य इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना मौसम विभाग की ओर से जताई गई है। वहीं मौसम विभाग का ऐसा मानना है कि आने वाले दिनों में होने अच्छी बारिश होगी, जिससे तापमान में गिरावट आएगी, खेतों और तालाबों को भी राहत मिलेगी।

शनिवार को प्रदेश अधिकांश इलाकों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। सर्वाधिक बारिश बस्तर संभाग में नारायणपुर जिले के छोटेडोंगर में 112 मिमी दर्ज की गई। तापमान की बात करें तो रायपुर और रायपुर और दुर्ग में सर्वाधिक तापमान 33.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। जबकि सबसे कम तापमान भी दुर्ग जिले में दर्ज किया गया, जो की 20 डिग्री सेल्सियस रहा।

कैसा रहेगा राजधानी का हाल

मौसम विभाग के अनुमान के अनुसार, रविवार को राजधानी रायपुर का मौसम सामान्य बने रहने की संभावना है। आसमान में बादल छाए रहेंगे। साथ ही गरज-चमक के साथ हल्की बारिश हो सकती है। राजधानी का अधिकतम तापमान 33 डिग्री तक जाने की संभावना है, ऐसे में लोगों को दिन के समय गर्मी के कारण परेशानी हो सकती है।

मौसम विभाग के अनुसार वर्तमान में दक्षिणी छत्तीसगढ़ के ऊपर 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती परिसंचरण सक्रिय है। यह सिस्टम धीरे-धीरे उत्तर-पश्चिम दिशा की ओर बढ़ते हुए 18 अगस्त तक गुजरात की ओर कमजोर स्थिति में पहुंच सकता है।

वहीं, मानसून द्रोणिका जैसलमेर, जोधपुर, कोटा, गुना, बैतूल, दक्षिण छत्तीसगढ़, विशाखापट्टनम होते हुए पूर्व मध्य बंगाल की खाड़ी तक फैली हुई है।

इसी क्षेत्र में 18 अगस्त को एक नया निम्न दाब का क्षेत्र बनने की संभावना है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इसका सबसे अधिक असर दक्षिण छत्तीसगढ़ और उसके बाद बिलासपुर संभाग में दिखाई देगा।

## ग्राम करंदोला में धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव

**जगदलपुर ।** ग्राम करंदोला में इस वर्ष भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही भव्य एवं धार्मिक माहौल में मनाया गया। इस आयोजन की योजना ग्राम सांस्कृतिक समिति द्वारा तैयार की गई थी और इसका सफल संचालन समिति के सदस्यों द्वारा कुशलतापूर्वक किया गया। साथ ही पूरे गांव के लोगों, विशेषकर युवाओं के सक्रिय सहयोग से यह पर्व और भी यादगार बन गया।

सुबह से ही गांव में पर्व जैसा उत्साह देखने को मिला। ग्रामीणजन पारंपरिक वेशभूषा में सज-धजकर कलश यात्रा में सम्मिलित हुए। यात्रा शिशु मंदिर से प्रारंभ होकर कल्याण आश्रम तक निकाली गई। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना कर स्वागत किया।

यात्रा के साथ ही भव्य शोभायात्रा भी आयोजित की गई, जिसमें राधा-कृष्ण की झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। भजन कीर्तन करते हुए श्रद्धालु झूमते हुए आगे बढ़े। हारे कृष्णा, हारे रामा और राधे-राधे के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।

कल्याण आश्रम पहुंचते ही आतिशबाजी का आयोजन किया गया, जिसने पूरे माहौल को उल्लासमय बना दिया। इसके बाद बच्चों के लिए सांस्कृतिक एवं धार्मिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

राधा-कृष्ण वेशभूषा प्रतियोगिता में बच्चों ने आकर्षक परिधान पहनकर मंच पर भाग लिया और विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।

क्विज प्रतियोगिता में श्रीकृष्ण के जीवन, शिक्षाओं और महाभारत से जुड़े प्रश्न पूछे गए। बच्चों ने उत्साहपूर्वक उत्तर दिए और सभी विजेताओं को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम का सबसे रोमांचक हिस्सा था मटका फोड़, रस्साकशी और दही हांडी।विशेष रूप से रस्साकसी खींच प्रतियोगिता में बस्तर जनपद अध्यक्ष संतोष बघेल एवं जिला पंचायत सदस्य श्री निर्देश दीवान भी सम्मिलित हुए और स्वयं प्रतियोगिता में भाग लेकर उत्सव में उमंग और बढ़ा दिया। युवाओं ने भी उत्साहपूर्वक प्रतियोगिताओं में भाग लिया और दर्शकों ने जयकारों से उनका उत्साह बढ़ाया।

त को भजन-कीर्तन संध्या का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय कलाकारों और भजन मंडलियों ने श्रीकृष्ण भक्ति से ओत-प्रोत गीत प्रस्तुत किए। पूरे गांव ने जन्मोत्सव को उत्सव की तरह मनाया। अंत में सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण कर कार्यक्रम का समापन किया गया।

# मुख्यमंत्री के निर्देश पर रायपुर जिले में किया जा रहा डिजिटल क्रॉप सर्वे, किसानों को अब आसानी से बीमा एवं अन्य योजनाओं का मिलेगा लाभ

### मुख्यमंत्री के निर्देश पर रायपुर जिले में किया जा रहा डिजिटल क्रॉप सर्वे

### कलेक्टर के निर्देश पर राजस्व अधिकारियों ने किया निरीक्षण

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय की पहल पर रायपुर जिले में डिजिटलक्रॉप सर्वे किया जा रहा है। 15 अगस्त से शुरू हुआ यह सर्वे 30 सितम्बर तक चलेगा। डिजिटल का सर्वे का मुख्य उद्देश्य किसानों की वास्तविक सल स्थिति का आकलन कर उन्हें राज्य एवं केंद्र शासन की योजनाओं का अधिकतम लाभ दिलाना है। इसके अलावा डिजिटल क्रॉप सर्वे किसानों की समृद्धि और पारदर्शिता की दिशा में एक बड़ा कदम है। इससे खेती को नई तकनीक से जोड़कर किसानों की आय बढ़ाने का मार्ग प्रशस्त होगा।

कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के निर्देश पर



अपर कलेक्टर सुश्री नम्रता जैन ने मोहंदी, अपर कलेक्टर राठौर ने मेहरसखा में, इसी प्रकार अपर कलेक्टर श्री नवीन ठाकुर ने मंगसा, एसडीएम नंदकिशोर चौबे ने ग्राम नकटी में, एसडीएम रवि सिंह ने छाटा, एसडीएम आशुतोष देवांगन ने ग्राम अडसेना, अभिलाष पैकरा ने छतौना में डिजिटल फसल सर्वे का निरीक्षण किया। इसी प्रकार तहसीलदारों ने अपने प्रभार क्षेत्र के ग्रामों का निरीक्षण किया।

उल्लेखनीय है कि डिजिटल क्रॉप सर्वे फिल्ड स्तर पर सर्वेयर के माध्यम से किया जा रहा है जिसमें सर्वेयर को स्वयं खेत में जाकर वहां की स्थिति और फसल का विवरण एग्रीटेक एप्प में दर्ज करना होता है। साथ में फ़ोटो अपलोड करना होता है जिसके सत्यापन बाद में पटवारी एवं वरिष्ठ अधिकारियों के द्वारा किया जाएगा इससे फसल का वास्तविक मूल्यांकन किया जा सकेगा और जमीन की जो परिसम्मति है उनके संबंध में सही जानकारी प्राप्त होगी।डिजिटल क्रॉप सर्वे से किसानों को कई प्रकार के लाभ प्राप्त होंगे। फसल बीमा योजना एवं क्षति आकलन पारदर्शी और वैज्ञानिक तरीके से किया जा सकेगा। पात्र किसानों को कृषि योजनाओं का लाभ शीघ्रता से मिल सकेगा। इस सर्वे से फसल उत्पादन का अत्याधुनिक डेटा तैयार होगा, जिससे आगामी धान खरीदी व्यवस्था एवं कृषि नीति और अधिक प्रभावी बनाई जा सकेगी। साथ ही किसानों को समय पर तकनीकी मार्गदर्शन एवं आर्थिक सहयोग भी उपलब्ध हो सकेगा।

## शबरी कन्या आश्रम में मनाया गया रक्षाबंधन उत्सव

**रायपुर।** शहर में संचालित शबरी कन्या आश्रम में स्वतंत्रता दिवस के दिन जनजातीय बालिकाओं ने भाईयों की कलाइयों पर रक्षा सूत्र बांध कर रक्षा का वचन लिया। आश्रम में रहकर पढ़ाई कर रही 50 से अधिक बालिकाओं ने इस दौरान गीत-नृत्य आदि की मोहक प्रस्तुतियां भी दी और बहन-भाई के स्नेह के इस पर्व के महत्व को बताया। कार्यक्रम के दौरान इन्ही बालिकाओं द्वारा रचित और संपादित पुस्तक शबरी के बेर का विमोचन भी किया गया। इस पुस्तक में वनवासी कल्याण आश्रम द्वारा छत्तीसगढ़ प्रांत में संचालित सभी आश्रमों में रहकर पढ़ने वाली बालिकाओं के लेख, कविता, ड्राइंग एवं कहानियों को संकलित किया गया है। रक्षाबंधन एवं शबरी स्नेह सम्मेलन के इस आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में श्रीमती शकुंतला तरार मौजूद रही । संघ चालक रायपुर श्री महेश बिड़ला कार्यक्रम के विशेष अतिथि श्री महेश बिड़ला एवं अध्यक्ष श्री रवि गोयल वनवासी विकास समिति रायपुर महानगर उपस्थित रहे। अतिथियों ने कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन के साथ की, तत्पश्चात सभी अतिथियों का स्वागत श्रीफल, शॉल और स्मृति चिन्ह से किया गया। कार्यक्रम के शुरूआत में शबरी कन्या आश्रम रायपुर का परिचय एवं वृत्त अधीक्षिका सुश्री अस्मिता द्वारा प्रस्तुत किया गया। मुख्य अतिथि श्रीमती शकुंतला तरार ने रक्षाबंधन पर्व की महत्ता एवं परंपरा के बारे में अपने विचार रखें । मुख्य वक्ता प्रांत संगठन मंत्री श्री रामनाथ कश्यप जी ने सबको स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रहित में अपने कर्तव्य का पालन करने की बात कही। श्री कश्यप ने कहा कि रक्षाबंधन उत्सव की प्राचीन परंपरा जो की शबरी कन्या आश्रमों में पिछले 40 वर्षों से प्रतिवर्ष आयोजित की जा रही है। यह पर्व भाई बहन के स्नेह का प्रतीक होने के साथ साथ आपसी सुरक्षा और विश्वास का भी प्रतीक है । इस पर्व पर शबरी छात्रावास की बालिकाओं ने सभी आगंतुकों को राखी बांधकर स्नेह एवं आशीष की कामना की। छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में सामूहिक गान ,पूर्वोत्तर क्षेत्र के समूह नृत्य ,देश भक्ति एकल गीत भी प्रस्तुत किए गए ।

**स्वामी,मुद्रक,प्रकाशक प्रेमेन्द्र अग्रवाल** द्वारा अस्मा पब्लिशर्स इण्डिया प्राईवेट लि.,जयस्तंभ चौक, रायपुर से मुद्रित कर तथा 5/756 रामसागरपारा, सिंधी स्कूल के पीछे, स्टेशनरी हाऊस, रायपुर 492001 (छ.ग.) से प्रकाशित। **संपादक प्रेमेन्द्र अग्रवाल ।**
www.lokshakti.in, lokshaktidaily@gmail.com, twitter.com/lokshaktidaily, facebook.com/lokshaktidaily **कार्यकारी संपादक : राजेश अग्रवाल** (किसी भी विवाद पर न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा)